हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 6 नवंबर 2026





हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 6 नवंबर 2026

धनतेरस खरीदारी मुहूर्त

शुक्रवार, 6 नवंबर | कब खरीदें, कब रुकें

सुबह 10:30 — आरंभ
त्रयोदशी तिथि शुरू। धनतेरस लग गया है।

10:42 से 12:04 दोपहर — X राहु काल
खरीदारी नहीं, पर योजना बना सकते हैं। घर के लिए सही Starshine स्मार्ट प्रोडक्ट चुन लीजिए।

12:05 से 1:27 दोपहर — ✓ शुभ चौघड़िया
नज़दीकी स्टोर से Starshine स्मार्ट प्रोडक्ट्स घर लाने का शुभ समय।

4:11 से 5:33 शाम — ✓ चर चौघड़िया
घर की शान बढ़ाने का समय। Starshine स्मार्ट प्रोडक्ट्स घर लाइए।

6:02 से 7:57 शाम — ✓ प्रदोष काल • सबसे शुभ
पूरे दिन की महा-शुभ घड़ी। नई शुरुआत, Starshine के साथ।

8:48 से 10:26 रात — ✓ लाभ चौघड़िया
देर रात तक शुभ लाभ। आज ही Starshine घर लाइए।

10:27 रात से अगली सुबह 10:47 — दुकानें बंद
Flipkart पर Starshine स्मार्ट प्रोडक्ट्स ऑर्डर करने का समय।



धनतेरस, शनिवार 7 नवम्बर सुबह 10:47 तक।

(उपरोक्त मुहूर्त केवल सामान्य जानकारी हेतु हैं। स्थान के अनुसार इनमें अंतर हो सकता है। कृपया अपने स्थानीय जानकार या पंचांग से पुष्टि करें)।

ATUL

SCAN TO ORDER

STARSHINE

+91 97524 46375

starshine.co.in

An Arham Technologies Limited Brand

arhamtechnologies.co.in



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 6 नवंबर 2026

SB BY at Symbol of Trust Since 1957

शुभ धनतेरस

धन, स्वास्थ्य और समृद्धि के
पावन पर्व धनतेरस

Exclusive Festive Offer
A golden opportunity to receive
gold and silver coins
on qualifying purchases.

ATUL PUBLICITY

अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स

फ्लैगशिप स्टोर : अनूप प्लाजा, सदर बाजार, रायपुर
8817710111 atjewellers

नेहरू नगर, मेन रोड, अग्रसेन चौक के पास, भिलाई
9009899111 atjewellersbhilai

FOLLOW US ON



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 6 नवंबर 2026

SENCO™
GOLD & DIAMONDS
ESTD 1938

धनतेरस शगुन

सोने के गहने ₹14,000 तक की छूट* / 10 ग्राम
हीरे के मूल्य 36% तक की छूट*

लकी ड्रॉ के इनाम*
₹1.20 करोड़ मूल्य का सोना | iPhone 18 Pro

पुराने सोने को बदलने पर 0% Deduction*
हर खरीद पर सुनिश्चित उपहार*

*नियम और शर्तें लागू (प्रति 10 ग्राम पर न्यूनतम ₹4,000 से ₹14,000 की छूट)

everlite™
FINE JEWELLERY FOR EVERYDAY
BY
SENCO™ GOLD & DIAMONDS
ESTD 1938
NATURAL DIAMONDS

₹9999* से शुरू

त्योहारों की खुशियाँ बेमिसाल ऑफर

9KT, 14KT और 18KT में भी उपलब्ध
SENCO GOLD & DIAMONDS शोरूम पर उपलब्ध

*नियम और शर्तें लागू

धनतेरस 6 नोभेम्बर र 7 नोभेम्बर 2026 | शोरूम मध्यरातसम्म खुला

100% एक्सचेंज वैल्यू | प्रमाणित असली हीरे | बाइबैक सुविधा | जीवन भर मेन्टेनेंस | मुफ़्त बीमा | 1.5 लाख से ज़्यादा डिज़ाइन आकर्षक मूल्यों में।

UP TO ₹7,500 INSTANT DISCOUNT* SBI card
*Min. Trxn.: ₹50,000; Max. Discount: ₹7,500 per card; Validity: 01 Nov - 07 Nov 2026. T&C Apply.

TRA'S BRAND TRUST REPORT 2025 Power of Trust
SGL Peace of mind, Assured.

Like & Follow us at
200+ स्टोर्स

Scan here to find your nearest Senco Store!

SBI CARNIVAL Rewardz ka tyohaar
Earn up to 6X Reward Points using your SBI Debit Card
Offer valid till 31st Dec 2026
T&Cs apply

89815 30033 | 1800 103 0017 | sencogoldanddiamonds.com | FRANCHISEE ENQUIRY: 9874453366/8981844459

RAIPUR | BILASPUR | AMBIKAPUR

Showroom 1: Raj Plaza, Malaviya Road, Swami Vivekanand Ward No. 57, PIN - 492001, Ph.: 7605042536/7605042537
Showroom 2: 35/13459 Jeevan Bima Marg, Main Road Pandri, Chhattisgarh, Raipur - 492004, Ph.: 9147331020/21
Bilaspur: Shrikant Verma Marg, Bilaspur, Chhattisgarh - 495001, Ph.: 9147768380/82/83
Ambikapur: Ambedkar Chowk, Beside IDBI Bank, Banaras Road, Surguja, Chhattisgarh, Phone No.: 9098307200

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव*

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹108071/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹131990/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹144080/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

*Condition Apply

ANAND Jewels

Pandri, Raipur

अयोध्या में 5 दिवसीय दीपोत्सव का आगाज

■ कल 56 घाटों पर जगमगाएंगे 30 लाख दीप



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में गुरुवार को 5 दिवसीय दीपोत्सव का भव्य आगाज हुआ। पहले दिन लेजर शो, प्रोजेक्शन मैपिंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन के साथ दीपोत्सव की शुरुआत हुई। दीपों की रोशनी, रामलीला की गूंज और देशभर की लोक संस्कृतियों की झलक के साथ पूरी रामनगरी उत्सव के रंग में सराबोर हो गई। सरयू तट से लेकर श्रीराम जन्मभूमि परिसर तक दीपोत्सव की छटा बिखरी। इस बार आयोजन में पांच देशों की रामलीला मंडलियों और विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से आकर्षण बढ़ाया। रामकथा के मंचन के साथ लोकनृत्य और पारंपरिक संगीत के जरिए देश की सांस्कृतिक विविधता भी देखने को मिली। सात नवंबर को दीपोत्सव का मुख्य आयोजन होगा। इस दिन राम की पैड़ी के घाट लाखों दीपों से जगमगाएंगे। सात नवंबर को दीपोत्सव का मुख्य आयोजन होगा।

लक्ष्मी-नारायण राजयोग में धनतेरस आज हस्त नक्षत्र बनाएगा इसे अधिक फलदायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस वर्ष धनतेरस का त्योहार 6 नवंबर को है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष धनतेरस का त्योहार कई मायनों में खास है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, शुभ दिवाली पर बुध और शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग का शुभ संयोग बनेगा। ज्योतिष में इस योग को बहुत ही शुभ योग माना जाता है। इस योग के बनने के कारण धन, बुद्धि, सुख-सुविधाओं और संपन्नता में वृद्धि होती है। ज्योतिष में बुध को बुद्धि, वाणी, व्यापार और तर्क क्षमता ⏭शेष पेज 5 पर



दो स्थिर लग्न

धनतेरस में खरीदी के लिए विशेष मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है। त्रयोदशी तिथि में सुविधानुसार खरीदी की जा सकती है, किंतु स्थिर लग्न में खरीदी करना अधिक फलदायी होता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, इस दिन कुंभ स्थिर ⏭शेष पेज 5 पर

धनतेरस 2026 मुहूर्त और समय

- त्रयोदशी तिथि प्रारंभः 6 नवंबर को सुबह 10:31 बजे से
- त्रयोदशी तिथि समाप्तः 7 नवंबर को सुबह 10:48 बजे तक
- खरीदारी का शुभ समयः सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक
- सांध्यकालीन पूजा मुहूर्तः शाम 6:18 बजे से रात 8:10 बजे तक

सेंसेक्स 2,009 अंक चढ़ा, तीन माह के शिखर पर निफ्टी

ट्रंप की हार से भारतीय बाजार में बहार, एक घंटे में निवेशकों ने कमाए सात लाख करोड़

अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को लगे झटके का असर भारतीय शेयर बाजार में भी दिखाई दिया। दिवाली से पहले बाजार में आई इस जोरदार तेजी ने निवेशकों को बड़ा तोहफा दिया। गुरुवार को महज एक घंटे के कारोबार में निवेशकों की संपत्ति करीब सात लाख करोड़ रुपये बढ़ गई, जिससे बाजार में दिवाली का जश्न पहले ही शुरू हो गया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

शेयर बाजार में गुरुवार लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 2,009 अंक की छलांग लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,500 अंक के पार पहुंच गया। अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के नतीजों के बाद पश्चिम एशिया संघर्ष के समाधान की उम्मीद, कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के साथ यह तेजी आई। अमेरिका में मध्यावधि चुनावों में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को अमेरिकी संसद पर ⏭शेष पेज 5 पर

- अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की जीत का दिखा असर
- पश्चिम एशिया तनाव घटने की उम्मीद से बाजार गुलजार

पिछले छह दिनों में ऐसी तेजी

तारीख	सेंसेक्स	निफ्टी
29 अक्टूबर	905.01	237.90
30 अक्टूबर	308.49	116.35
2 नवंबर	1,233.25	387.70
3 नवंबर	1,225.07	370.05
4 नवंबर	383.55	149.75
5 नवंबर	2,008.61	576.00
कुल बढ़त	6,063.98	1,837.75



एक घंटे में कितनी बढ़ी दौलत?

गुरुवार को बाजार खुलने के समय बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप करीब 4,93,44,359 करोड़ रुपए था। कारोबार शुरू होने के करीब एक घंटे के भीतर ये बढ़कर 5,00,91,168 करोड़ रुपए पहुंच गया। इस दौरान बाजार की वैल्यू में करीब 7.47 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ।

एक्सपर्ट व्यू

शेयर बाजार को मिली नई गति

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका के मध्यावधि चुनावों के नतीजों से भारतीय शेयर बाजार को नई गति मिली है। बाजार में तेजी इस उम्मीद से और बढ़ी है कि अमेरिका का रुख नरम पड़ने से ईरान संघर्ष और शुल्क नीतियों में तनाव कम हो सकता है। उन्होंने कहा, वैश्विक तनाव और ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने की आशंका ⏭शेष पेज 5 पर

12 साल बाद लौटे बंद हो चुके पैरामेडिकल कोर्स इनमें 3 डिप्लोमा, 11 बैचलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देखरेख क्षेत्र के 11 पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। इनमें तीन डिप्लोमा और आठ स्नातक पाठ्यक्रम शामिल हैं। इनके माध्यम से विद्यार्थी चिकित्सा सेवाओं से जुड़े विभिन्न तकनीकी कार्यक्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रमुख कार्यक्षेत्रों में रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग, चिकित्सा प्रयोगशाला, एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन थिएटर, डायलिसिस तथा ऑप्टोमेट्री शामिल हैं। गौरतलब है कि ये पाठ्यक्रम इसके पूर्व ⏭शेष पेज 5 पर

खास खबर



ये पाठ्यक्रम हो रहे हैं प्रारंभ

डिप्लोमा स्तर पर एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी, डायलिसिस टेक्नोलॉजी तथा मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी के पाठ्यक्रम शामिल हैं। स्नातक स्तर पर बैचलर ऑफ फिजिशियन एसोसिएट्स, बैचलर ऑफ साइंस हेल्थ इन्फॉर्मेशन मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ मेडिकल रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग टेक्नोलॉजी, बैचलर ऑफ एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी, बैचलर ऑफ रेडिएशन ⏭शेष पेज 5 पर

Reliance Digital

स्टोर्स खुलने का समय सुबह 9 बजे

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं



FESTIVAL OF ELECTRONICS

₹20000 तक एश्योर्ड एक्सचेंज बोनस*

50% छूट दूसरे प्रॉडक्ट पर*

डायसन बिग बॉल वैक्यूम क्लीनर ₹43900 ₹14990*

*₹50000 और उससे अधिक की खरीदारी पर

₹30000 तक डिस्काउंट*

लीडिंग बैंक कार्ड्स और कंज्यूमर लोन्स पर

AU SMALL FINANCE BANK · AXIS BANK · HDFC BANK · IDFC FIRST Bank · IndusInd Bank · kotak · onecard · RBL BANK · SBI card · YES BANK · HDB FINANCIAL SERVICES

#CelebrateWithNoExcuses

digital

PERSONALISING TECHNOLOGY

www.reliancedigital.in

iPhone 17 Pro 256 GB Starting at ₹54990*

iPhone 17 Pro Max 256 GB Starting at ₹66990*

*Price Post In-store Discount, Exchange, Exchange Bonus & Cashback

iPhone Air Starting from ₹49990*

*Price post Instore Discount, Exchange, Exchange Bonus & Cashback.

oppo Find X10 Series Starting from ₹59999*

Best upgrade offer. *Price post exchange, exchange bonus and cashback

motorola edge 70 fusion Starting from ₹29499*

*Price inclusive of cashback & exchange offer

INVERTER ACs

VOLTAS 1.5T VRTS RGALMAGNM ₹36990* 5 STAR

Kelvinator 1.5T KAS-V183ALSG6 ₹28990* 3 STAR

*Prices inclusive of cashback & exchange offers

RO WATER PURIFIER — BENEFITS: GET BAJAJ 3J 500W MIXER WORTH ₹5000 AT ₹499*

boAt PARTYPAL 450 180W ₹13499* — BENEFITS: FREE ANC HEADPHONE WORTH ₹4499*

noise TWIST GO ₹4999 ₹1399*

ROBOTIC VACUUM CLEANER ₹34499 ₹24999* FREE PRODUCTS WORTH ₹22999*

boAt 500W 5.1CH SOUNDBAR ₹10999*

*Price post cashback

ONEPLUS NORD BUDS 3 ANC ₹2799 ₹2499*

LOWEST PRICE EVER — 3 Year — xiaomi 109cm (43) FHD SMART TV Google TV ₹19999*

Also available 81 cm (32) HD at ₹13999*

*Prices after bank cashback

LG SMART TV AI — 3 YEARS WARRANTY UPGRADE ₹1999* — 26% CASH BACK ₹26000*

UPTO ₹15000 EXCHANGE BENEFIT* · UPTO ₹20000 CASH BACK* · GET GIFTS WORTH UPTO ₹12490*

UPSIZE & UPGRADE To a Bigger Refrigerator — POWERED BY: LG Haier | CO-POWERED BY: Godrej

REFRIGERATORS

DOUBLE DOOR Starting from ₹17990* EMI of ₹1994*

SIDE BY SIDE Starting from ₹39990* EMI of ₹2994*

FRENCH DOOR Starting from ₹69990* EMI of ₹2994*

WASHING MACHINES

SEMI AUTOMATIC LG 7 Kg ₹11990* EMI of ₹999*

TOP LOAD VOLTAS 6.5 Kg ₹11990* EMI of ₹999*

FRONT LOAD HAIER 8 Kg ₹32990* EMI of ₹2749*

*Prices after bank cashback & under exchange.

Blue Star · Bosch · BPL · Electrolux · Godrej · Haier · IFB · LG · Lloyd · Voltas · Beko · Whirlpool

FLASH SALE

DELL 13 XPS TOUCH Intel® Core™ 5 Series 3 ₹100809 ₹74999*

MacBook Neo Powered by A18 Pro Built for Apple Intelligence ₹79900 ₹64900*

HP Omnibook 3 Ryzen 3 7000 8 GB | 512 GB SSD ₹83421 ₹44999*

*Prices after discount & cashback

फ्री डिलीवरी* सबसे जल्दी इंस्टॉलेशन* · बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी की विशाल रेंज · ईज़ी ईएमआई · सबसे कम कीमत* · 14-दिन आसान रिटर्न

SCAN TO VISIT WEBSITE OR STORE

शॉपिंग करें यहां से भी: SHOP ANY ELECTRONICS AT MY JIO STORE · Jio DIGITAL LIFE

Unless specified, the retail prices shown are for 1 unit of the product.
Terms & Conditions Apply: AU Small Finance Bank/IDFC First Bank/Kotak Bank/RBL/Yes Bank: CC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 5,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 10,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. CC EMI: : 7.5% discount up to Rs 2,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,500 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 7,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. Flat Rs. 25,000 discount on a minimum transaction of Rs. 3,00,000 & above. IDFC: DC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. IndusInd: CC/DC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 5,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 10,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. CC EMI: 10% discount up to Rs 15,000 on transactions of Rs 10,000 & above. Axis/HDFC/SBI/OneCard: CC EMI: 7.5% discount up to Rs 2,500 on transactions of Rs 10,000 & above (SBI Card EMI- Rs. 15,000 & above). Flat Rs. 3,500 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 7,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. Flat Rs. 25,000 discount on a minimum transaction of Rs. 3,00,000 & above. For HDFC Bank & SBI Cards, EMI offer applicable on 6 months & above tenure only. Offers applicable on purchase of select product & brands only. Offers is applicable across Reliance digital, My Jio Stores, JioMart Signature stores & www.reliancedigital.in from 31st Oct to 11th Nov 2026. For the purpose of this offer, CC FS shall refer to Credit Card Full Swipe, CC EMI shall refer to Credit Card EMI, DC FS shall refer to Debit Card Full Swipe. Consumer Durable Loan Upto 20,000 Cashback on LED, Laptop, AC, Ref, Washing Machine & Mobile Phone with Bajaj Finserv. Offer validity : 31st Oct'26 to 11th Nov'26.Up to Rs 45000/- Cashback on Refrigerator, Panel, Washing Machine, Dish Washer, Smart phone & laptop with IDFC First Bank Ltd .Offer validity: 31st Oct'26 to 15th Nov'26 for IDFC First Bank. Up to Rs 31,000/- cash back on Consumer durable products, laptop & Digital Products with HDB Financial services, offer Validity 31st Oct'26 to 11th Nov'26 for Pan India. All Paper finance offers are available on select brands / products/ Schemes & select customers. offer valid in select states/cities. For more details contact In-store finance executive. For Paper Finance, benefit shall be given to the customer in form of cashback which shall be posted by respective financier as per their terms. Finance: Offer wherever applicable is at the sole discretion of the financing company. Brand Offers: Offers applicable on brands are sole discretion of the respective brands. *GST will be applicable on all the FREE products. All disputes are subject to the exclusive jurisdiction of the courts in Mumbai only.

रायपुर
शुक्रवार 6 नवंबर 2026
कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 25, अंक : 108
पृष्ठ : 16+8+8+8+12 =52 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.0
न्यून. 22.5

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



18 साल की उम्र में किया डेब्यू
23 सालों का खेल का सफर
146 गोल का वर्ल्ड रिकॉर्ड

इंटरनेशनल फुटबॉल से रोनाल्डो ने लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पुर्तगाल के कप्तान और महान फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। कुछ ही दिनों पहले रोनाल्डो के सबसे बड़े राइवल और अर्जेंटीना के महानतम खिलाड़ी लियोनल मेसी ने भी इंटरनेशनल फुटबॉल को अलविदा कहा था। रोनाल्डो ने भी ये बड़ा फैसला ले लिया, जिसके साथ ही उनके करियर को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर विराम लग गया।

सोशल मीडिया पर संदेश

41 साल के रोनाल्डो ने गुरुवार 5 नवंबर को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर एक वीडियो स्टेटमेंट जारी किया और इंटरनेशनल फुटबॉल को अलविदा कहा। रोनाल्डो ने पुर्तगाल के फैंस को संबोधित करते हुए कहा, पुर्तगाल वासियों, 7 नंबर की जर्सी के नेशनल टीम के पास लौटने का दिन आ गया है।

छत्तीसगढ़ ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग साधन नियम, 2026 अधिसूचित
गृह विभाग ने बनाए नियम

गिरफ्तारी और गवाहों के बयान संबंधी सूचनाएं अब ऑनलाइन भी मान्य, छग में बने नए नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में आपराधिक जांच और न्यायिक प्रक्रिया के कई महत्वपूर्ण कार्यों में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के इस्तेमाल के लिए नए नियम बनाए गए हैं। इनके तहत गिरफ्तारी की सूचना देने, अपराध किए जाने से संबंधित जानकारी प्रसारित करने और मजिस्ट्रेट को भेजी जाने वाली प्रत्येक रिपोर्ट के लिए इलेक्ट्रॉनिक साधनों का उपयोग किया जा सकेगा। जांच के दौरान गवाहों के बयान दर्ज कराने संबंधी सूचना देने और बयान रिकॉर्ड करने में भी इन माध्यमों का इस्तेमाल किया जा सकेगा। गृह विभाग ने छत्तीसगढ़ ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग साधन नियम, 2026 अधिसूचित किए हैं। नियमों में अपराध की पहली सूचना देने वाले व्यक्ति को की गई कार्रवाई की जानकारी देने, संपत्ति के विवरण वाले अभिलेखों की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी तथा गवाह संरक्षण आवेदनों पर सुनवाई के लिए भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के इस्तेमाल ▶▶शेष पेज 5 पर



ये है नया नियम, हो गया लागू

गृह विभाग ने ये नियम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (क) के तहत जारी किए हैं। नियमों का नाम छत्तीसगढ़ ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग साधन नियम, 2026 होगा और ये प्रभावी हो गए हैं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से लेकर मोबाइल और ई-मेल तक शामिल

नियमों में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों की परिभाषा व्यापक रखी गई है। इसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, सीसीटीवी, सुरक्षित डिजिटल इंटरफेस और विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक संचार प्रणालियों को शामिल किया गया है। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, कैमरा, माइक्रोफोन, स्पीकर, प्रिंटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी इसके दायरे में आते हैं। ई-मेल, इंटरनेट, टेलीफोन तथा अन्य दूरसंचार उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक प्रारूपों के जरिए भी निर्धारित कार्य किए जा सकेंगे। नियमों में मौजूदा तकनीक के साथ भविष्य में विकसित होने वाले इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों को भी शामिल करने की व्यवस्था है।

जांच और न्यायिक प्रक्रिया में तकनीक के इस्तेमाल पर जोर

नियमों के उद्देश्यों में आपराधिक जांच की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बढ़ाना, वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संग्रह तथा तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहित करना शामिल है। इसके साथ ही साक्ष्य आधारित न्याय, निष्पक्ष और तेज सुनवाई तथा आपराधिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने पर जोर दिया गया है। सरकार का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना और न्याय तक पहुंच को सुगम करना भी बताया गया है। नियम में राज्य सरकार की ओर से समय-समय पर अन्य उद्देश्यों के लिए भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के इस्तेमाल की अनुमति देने का प्रावधान रखा गया है।

अब कमेटी तय करेगी गरीब छात्रों की फीस

स्कूल शिक्षा विभाग ने गठित की कमेटी, आरटीई शुल्क का पुनर्निधारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के निजी स्कूलों में अध्ययनरत गरीब छात्रों की फीस राशि निर्धारित करने स्कूल शिक्षा विभाग ने कमेटी गठित की है। इस कमेटी के आधार पर ही गरीब छात्रों की फीस निर्धारित की जाएगी। कमेटी द्वारा निर्धारित राशि का भुगतान सरकार निजी स्कूलों को करेगी। इस संदर्भ में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों की 25 प्रतिशत सीट गरीब छात्रों के लिए आरक्षित रहती है। इन सीटों पर लॉटरी के माध्यम से प्रवेश प्रदान किया जाता है। प्रवेश लेने वाले छात्रों की फीस सरकार देती है। अब तक पहली से पांचवी कक्षा तक 7000 रुपए, छठवीं से आठवीं कक्षा तक 11,500 रुपए तथा नवमी से बारहवीं कक्षा तक 15 हजार रुपए की राशि प्रति छात्र फीस के रुप में शासन निजी स्कूलों को देती है। कमेटी यह निर्धारित करेगी कि इस राशि में कितनी वृद्धि की जाए।



खास खबर

पहली बार वृद्धि

प्रदेश में आरटीई अर्थात शिक्षा का अधिकार शैक्षणिक सत्र 2011-12 में लागू किया गया। बीते 15 वर्षों में एक बार भी स्कूल शिक्षा विभाग ने आरटीई फीस में वृद्धि नहीं की है। इसे लेकर निजी स्कूलों द्वारा लंबे समय से विरोध किया जा रहा है। फीस वृद्धि ना होने के कारण छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने 1 मार्च से 17 मई तक असहयोग आंदोलन किया था। इसके बाद प्रतिपूर्ति राशि के पुनः निर्धारण के लिए कमेटी के गठन का आश्वासन शासन ने दिया था। निजी स्कूलों को दीपावली उपहार देते हुए अब अंततः शासन ने कमेटी गठित कर दी है। कमेटी गठन होने के पश्चात कमेटी द्वारा अनुशंसित फीस ही निजी स्कूलों को प्रतिपूर्ति राशि के रूप में स्कूल शिक्षा विभाग प्रदान करेगा।

भाजपा की राजधानी में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा एवं विशाल रैली

सीएम साय बोले-विपक्ष अब पूरे देश का विरोध करने पर उतारू

भाजपा की लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा एवं विशाल रैली के बाद सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, विपक्ष के लोग सरकार में बैठने और प्रधानमंत्री बनने की लालसा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते-करते अब पूरे देश का विरोध करने पर उतारू हो गए हैं। देश में अराजकता फैलाकर जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को गिराने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लोकतंत्र की जननी है, दुनिया के सभी देश हमारे लोकतंत्र की सराहना करते हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

श्री साय ने कहा, जब ये चुनाव हार जाते हैं, तो कभी ईवीएम में दोष लगाते हैं, कभी चुनाव आयोग पर दोष लगाते हैं। जब जीत जाते हैं, तो वही चुनाव आयोग उन्हें अच्छा लगने लगता है। कांग्रेस का यही दोहरा चरित्र उसकी हताशा को दर्शाता है। श्री साय ने कहा कि कांग्रेस और गठबंधन के लोग भाजपा-एनडीए के ऊपर वोट चोरी और लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते हैं, जबकि खुद कांग्रेस का इतिहास ही लोकतंत्र की हत्या का है। उन्होंने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं, जब देश आजाद हुआ और प्रधानमंत्री चुनने की बात आई, उस समय कांग्रेस के 12 नेता सरदार वल्लभभाई पटेल के पक्ष में थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू



के पक्ष में एक भी नेता नहीं था। इसके बावजूद पंडित जवाहरलाल नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया। तो ▶▶शेष पेज 5 पर

भारत को अस्थिर करने का षड्यंत्र : बृजमोहन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, लोकतंत्र बचाओ - अराजकता हटाओ पदयात्रा का आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा का महाअभियान है। उन्होंने कहा, एक राजनीतिक दल अपने अस्तित्व के संकट से गुजर रहा है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, कुछ तत्व प्रजातंत्र को संकट में डालकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत को अस्थिर करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों से कुछ समूहों और नेताओं के द्वारा भारत को नेपाल बना देने, बांग्लादेश बना देने की धमकियां दी जा रही हैं। देश की जनता इस अराजक मानसिकता को कभी स्वीकार नहीं करेगी। रैली रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर एवं रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग के नेतृत्व में निकाली गई। रैली में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, अनुज शर्मा, इंद्र कुमार साहू, रायपुर शहर जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा रायपुर ग्रामीण जिला प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने लिया सर्टिफिकेट

दो नामांकन रद्द, निर्विरोध राज्यसभा पहुंचे हरदीप पुरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के उम्मीदवार हरदीप सिंह पुरी मध्य प्रदेश से राज्यसभा उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। उनके अलावा 2 अन्य उम्मीदवारों के नामांकन पत्र मंगलवार को खारिज हो गए थे, जिसके बाद जिसके बाद हरदीप पुरी मैदान में अकेले बचे थे। उनका चुना जाना पहले से ही तय हो गया था।



नामांकन पत्र पर जताई थी आपत्ति

हरदीप सिंह पुरी ने 31 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल किया था। इस बीच, दोनों निर्दलीय उम्मीदवारों और कांग्रेस नेता हेमंत कटारे ने पुरी के नामांकन पत्रों पर आपत्ति जताते हुए दावा किया कि उनके द्वारा दाखिल किया गया फॉर्म-26 में दिया गया हलफनामा अमान्य और अधूरा है।

तीन नाबालिग सहित सात गिरफ्तार

ओडिशा से यूपी ले जा रहे 2.38 करोड़ का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

मादक पदार्थ गांजा की बड़ी खेप के साथ सात आरोपियों को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें तीन नाबालिग भी हैं। आरोपी गांजे को ओडिशा से यूपी लेकर जा रहे थे। अंतर्राज्यीय गिरोह के आरोपियों के कब्जे से 2.38 करोड़ रुपए से अधिक का गांजा जब्त किया गया है।

सभी आरोपी ओडिशा के

भगवान पांगी (25 साल), घासी खिलो (21 साल), चित्र सेन गल्लोरी (22 साल), रोहणी गल्लोरी व 3 नाबालिग सभी निवासी ग्राम कांटामाड़ी, थाना कोरकोंडा, जिला मलकानगिरी ओडिशा आरोपी हैं।



दीपोत्सव का जश्न

देशभर में सजे बाजार, उत्सव शुरू

अयोध्या



नादिया



मिर्जापुर



देशभर में दीवाली का जश्न शुरू हो चुका है। शुक्रवार को धनतेरस से 5 दिन के त्यौहार की शुरुआत हो रही है। प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में साधु-संतों ने गुरुवार को 'राम की पैड़ी' पर मिट्टी के दीये सजाए। नादिया, पश्चिम बंगाल में पारंपरिक मिट्टी के दीये और सजावटी मिट्टी के बर्तन तो मिर्जापुर में वेद विद्यालय के छात्रों ने गुरुवार को पटाखे जलाए।

नेतन्याहू की विदाई तय, इजराइल की कमान अब गादी के हाथ!

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

इजरायल में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ होता दिख रहा है। इजरायल की अरब पार्टी जॉइंट लिस्ट ने बेंजामिन नेतन्याहू के प्रतिद्वंदी गादी आइजनकोट को समर्थन देने की घोषणा की है। 11 सीटें जीतने वाली जॉइंट लिस्ट का कहना है कि वह राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से अगले प्रधानमंत्री के रूप में याशार पार्टी के चेयरमैन गादी आइजनकोट के नाम की सिफारिश करेगी। राआम पार्टी पहले ही गादी को सपोर्ट करने की घोषणा कर चुकी है। राष्ट्रपति इसाक हर्जोग के साथ दो दिन की बातचीत के बाद 11 सांसदों वाली अरब पार्टियों की जाइंट लिस्ट ने उन्हें सरकार के बाहर से समर्थन दिया है। इससे उनके पास 67 सांसदों का समर्थन हासिल हो गया है, जो बहुमत से 6 ज्यादा है।

खास बातें

- अरब पार्टियों ने समर्थन दिया, साथ आए 67 सांसद
- 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में किसी भी गठबंधन को नहीं मिला था बहुमत



नेतन्याहू के समर्थन में अब सिर्फ 46 सांसद

वहीं, मौजूदा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के समर्थन में अब सिर्फ 46 सांसद रह गए हैं। नेतन्याहू की पुरानी सहयोगी अति-रूढ़िवादी पार्टी यूनाइटेड टोरा जूडिज्म (यूटीजे) ने उनका समर्थन करने से इनकार कर दिया है। दरअसल, 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में किसी भी गठबंधन को बहुमत नहीं मिला था। अरब पार्टियों के समर्थन से आइजेनकोट को सरकार बनाने का पहला मौका मिलने की संभावना मजबूत हुई है।

चार विपक्षी नेता एक साथ आए

चुनाव के बाद 3 नवंबर को नेतन्याहू के विरोधी चार बड़े नेताओं ने हर्जलिया में बैठक की। इनमें गादी आइजेनकोट, नफ्ताली बेनेट, यायर लापिड और यायर गोलान शामिल थे। इन नेताओं ने नेतन्याहू को सत्ता से हटाने के लिए मिलकर काम करने और सरकार बनाने की बातचीत तुरंत शुरू करने पर सहमति जताई। बैठक में इन नेताओं ने राष्ट्रीय आपातकालीन सरकार बनाने का प्रस्ताव रखा। इसके लिए चार बुनियादी सिद्धांत तय किए गए।

42 दिन में बनानी होगी सरकार, 10 नवंबर को संसद की बैठक

इजराइल में राष्ट्रपति का पद आमतौर पर औपचारिक माना जाता है, लेकिन चुनाव के बाद सरकार गठन में उनकी अहम भूमिका होती है। राष्ट्रपति उस नेता को सरकार बनाने का न्योता देते हैं, जिसके पास संसद में बहुमत जुटाने की सबसे अच्छी संभावना हो। इसके लिए वे सबसे ज्यादा सिफारिशें पाने वाले नेता को चुनने के लिए बाध्य नहीं हैं।

अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में हुई है रिपब्लिक पार्टी की करारी हार

ट्रंप की हार से बदलेंगे दुनिया भर में समीकरण रुक सकती है जंग, तेल के दाम होंगे स्थिर!

यूएस के मिडटर्म इलेक्शन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिक पार्टी की करारी हार हुई है। ट्रंप की हार से दुनिया के कई देशों को अपनी जीत भी दिख रही है। अमेरिका में ज्यादातर लोगों का मानना है कि युद्ध से महंगाई बढ़ी है। ऐसे में अमेरिकी संसद ईरान युद्ध पर रोक लगाती है, तो वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें स्थिर हो सकती हैं, जिससे दुनिया और भारत की अर्थव्यवस्था को राहत मिलेगी। आइए जानते हैं ट्रंप की हार का भारत और दुनिया पर कैसा असर पड़ेगा?

भारतीयों को एच-1बी वीजा पर मिल सकती है छूट



ईरान में सबसे ज्यादा खुशी

ईरानी जनता और नेता, ट्रंप की हार को युद्ध के खिलाफ अमेरिकी जनता का फैसला बता रहे हैं। इन नतीजे के बाद खाड़ी देशों का भी मानना है अब ट्रंप पर शांति समझौता करने का दबाव बढ़ सकता है। इसीलिए ईरान पर किसी बड़े पूर्ण सैन्य हमले की संभावना कम हुई है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने दावा किया है। जनवरी तक का वक्त ईरान के लिए लिए खतरनाक है क्योंकि अमेरिका में नई संसद जनवरी तक काम संभालेगी। इसी बीच ट्रंप, ईरान पर हमला कर सकते हैं।

यूक्रेन-रूस में भड़क सकती है जंग

ट्रंप ने यूक्रेन को मिलने वाली अमेरिकी सैन्य सहायता पर रोक लगा दी थी और रूस से प्रतिबंध हटाए थे। अब कांग्रेस पर डेमोक्रेट्स का नियंत्रण होने से यूक्रेन के लिए नए सहायता पैकेज का प्रस्ताव लाया जा सकता है। यूक्रेन को अमेरिकी मदद और हथियार मिले तो रूस से जंग और भड़केगी।

यूरोपीय देशों पर पड़ेगा यह असर

यूरोपीय देश जिन्हें अमेरिका का करीबी माना जाता था, ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में उनसे अमेरिका का रिश्ता खराब हुआ है। मैक्रों और मेलोनी जैसी नेताओं की ट्रंप सार्वजनिक बेइज्जती कर चुके हैं। कनाडा को 51वां राज्य बनने का ऑफर दे चुके हैं। स्पेन जैसे देशों को ट्रंप धमकाते रहते हैं और जर्मनी- ब्रिटेन जैसे देशों पर रक्षा बजट बढ़ाने का दबाव डालते हैं। लैटिन अमेरिकी देश वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को तो ट्रंप ने उनके घर से किडनैप करवा लिया था। माना जा रहा है कि इस हार से व्यक्तिगत बेइज्जती और धमकियों का टोन थोड़ा नरम हो सकता है।

हार के बाद ट्रंप की पार्टी में बगावत निशाने में रक्षामंत्री



मिडटर्म चुनाव में हार के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी में अंदरूनी नाराजगी सामने आने लगी है। टेक्सास के रिपब्लिकन नेता चैड विलबैंक्स ने ईरान युद्ध, टैरिफ और रूस के राष्ट्रपति पुतिन का पक्ष लेने वाले ट्रम्प के फैसलों को हार की वजह बताया। सीएनएन के मुताबिक, ट्रम्प के करीबी नेताओं ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ पर आरोप लगाया कि उन्होंने राष्ट्रपति को ईरान युद्ध में उलझा दिया, लेकिन इससे निकलने की कोई स्पष्ट योजना नहीं बनाई। वहीं, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी माना कि ईरान युद्ध के कारण ट्रम्प के कई पुराने समर्थकों ने इस बार रिपब्लिकन पार्टी से दूरी बनाई।

भारत के लिए फील गुड

जानकारों के अनुसार, ट्रंप की हार भारत के हित में है। अमेरिकी संसद में डेमोक्रेट्स के मजबूत होने से ट्रंप की एकतरफा टैरिफ नीतियों पर लगाम लगेगी, जिससे भारत के लिए बेहतर शर्तों पर व्यापार समझौता करने का अच्छा मौका बनेगा। अमेरिकी संसद की फॉरेन अफेयर्स कमेटी पाकिस्तान के साथ ट्रंप प्रशासन के बढ़ते सामरिक और व्यावसायिक रिश्तों पर कड़ा रुख अपनाएगी। इसके अलावा, डेमोक्रेटिक सांसद भारतीय प्रोफेशनल्स के प्रति नरम रुख रखते हैं। ऐसे में एच-1बी वीजा पर लगी भारी-भरकम फीस और कठोर नियमों की संसद में समीक्षा होगी, जिससे भारतीय आईटी कंपनियों और प्रोफेशनल्स को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

पैलेट गन बनाई गई 5 सदस्यीय कमेटी

नई दिल्ली। नीट-यूजी 2026 में कथित गड़बड़ियों और पेपर लीक के आरोपों को लेकर हुए छात्र प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की ज्यादतियों के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने पुलिस की कार्रवाई से जुड़े आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग, पैलेट गन से लगी चोटों, महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा, निगरानी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपों की जांच करेगी। कोर्ट पुलिस की जवाबदेही और शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन के संवैधानिक अधिकार से जुड़े व्यापक सवालों पर भी विचार कर रहा है। यह मामला 20 जुलाई 2026 को दिल्ली में हुए 'चलो संसद' मार्च और देशभर में हुए छात्र प्रदर्शनों से जुड़ा है। सुनवाई के दौरान प्रदर्शनकारियों की पहचान के लिए फेशियल रिकग्निशन तकनीक के इस्तेमाल का मुद्दा भी उठा. वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि कोर्ट के सामने यह सवाल रखा गया है कि इस तकनीक का इस्तेमाल कैसे हो रहा है, इसका मालिक कौन है, डेटा कहां स्टोर किया जाता है।



जनवरी में फाइनल लिस्ट

अब छह राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों में होगा एसएसआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव, मिजोरम, ओडिशा तथा सिक्किम में मतदाता सूचियों के वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) की घोषणा की। इस पुनरीक्षण का उद्देश्य पात्र मतदाताओं, विशेष रूप से युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले लोगों को मतदाता सूची में शामिल करना तथा एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर, 2027 को पात्र होने वाले लोगों के अग्रिम आवेदन की सुविधा प्रदान करना है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, मतदाता सूचियों का प्रारूप 30 नवंबर को प्रकाशित किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 21 जनवरी 2027 को प्रकाशित होगी। आयोग ने कहा कि दोहराव या एक से अधिक प्रविष्टियों से संबंधित नाम हटाने के आवेदनों के मामले में क्षेत्रीय सत्यापन अनिवार्य होगा। किसी मतदान केंद्र पर मतदाताओं की कुल संख्या के दो प्रतिशत से अधिक नाम हटाने के प्रस्ताव या एक ही आपत्तिकर्ता द्वारा पांच से अधिक आपत्तियां दाखिल किए जाने की स्थिति में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से जांच करनी होगी।



ऐसा है पूरा शेड्यूल-

- पोलिंग स्टेशनों का युक्तिकरण- 20 नवंबर 2026 तक
- इंटीग्रेटेड ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का प्रकाशन- 30 नवंबर 2026
- दावे-आपत्तियां लेने की अवधि- 30 नवंबर 2026 से 30 दिसंबर 2026 तक
- फाइनल वोटर लिस्ट का प्रकाशन 21 जनवरी 2027

पहली बार वोट देने वाले युवाओं पर फोकस

इस विशेष अभियान में पहली बार वोट देने वाले पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर खास जोर रहेगा। चुनाव आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने से न छूटे। आयोग ने संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को इस पूरी प्रक्रिया के लिए पर्याप्त कर्मचारियों और जरूरी संसाधनों की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि पुनरीक्षण का काम तय समयसीमा में पूरा किया जा सके।

पश्चिम बंगाल में 1,150 जिलेटिन स्टिक, 989 डेटोनेटर बरामद



बीरभूम। पश्चिम बंगाल के बीरभूम में गुरुवार को पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की छापेमारी के दौरान 1,150 जिलेटिन स्टिक, 989 डेटोनेटर और 12,000 मीटर डेटोनेटिंग कॉर्ड जब्त किए गए। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अलग कार्रवाई में, एसटीएफ ने पांडबेश्वर इलाके से 21 अवैध हथियार और 65 राउंड कारतूस बरामद किए हैं।

- एसटीएफ की छापेमारी, दो गिरफ्तार, 21 अवैध पिस्टल और 65 राउंड कारतूस भी जब्त

6 लंबी मस्कट बंदूकें भी बरामद

खुफिया जानकारी के आधार पर, एसटीएफ कर्मियों ने बीरभूम जिले के मुरारई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बरुआ गोपालपुर गांव में एक अनाधिकृत गोदाम पर छापा मारा। ये बरामदगी एक मामले की जांच से जुड़ी हैं, जिसमें अब तक 38 हथियार और 122 राउंड कारतूस जब्त किए जा चुके हैं। मामले की आगे की जांच चल रही है। जब्त हथियारों में 6 लंबी मस्कट बंदूकें, चार 7 एमएम पिस्टल और 11 पाइप गन शामिल हैं। इसके अलावा 47 आठ एमएम और 18 7.65 एमएम कारतूस भी जब्त किए गए हैं।

सरकार करेगी नियमों में बदलाव, तय होगी जवाबदेही

यूजर्स पोस्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म होंगे जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आज के दौर में हर कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल करता है, इसमें लोगों की उम्र की सीमा भी मैटर नहीं करती है। लोग सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से चैटिंग करते हैं, वीडियो-फोटो अपलोड करते हैं। लोग उन पर कमेंट्स भी करते हैं, लेकिन उस कमेंट की जिम्मेदारी यूजर्स की होती है। अब आने वाले समय में फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और एक्स जैसी कंपनियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। केंद्र सरकार इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को मिलने वाली कानूनी सुरक्षा खत्म करने पर विचार कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस सुरक्षा ने मेटा, गूगल और X जैसी कंपनियों को यूजर-जनरेटेड कंटेंट पर बड़े कारोबार खड़े करने में मदद की है। उन्हें हर पोस्ट, वीडियो या कमेंट की कानूनी जिम्मेदारी नहीं उठानी पड़ती।



चल रही है चर्चा : केंद्र सरकार का सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय सोशल मीडिया से जुड़े नियमों में बदलाव पर चर्चा कर रहा है। इसके तहत फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और **X** जैसे प्लेटफॉर्म्स को यूजर्स के कंटेंट के लिए भी जिम्मेदार बनाया जा सकता है। फिलहाल ये प्रस्ताव विचार के स्तर पर है, अभी सरकार ने इस बारे में कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है। लेकिन, अगर ऐसा होता है तो यूजर्स की पोस्ट, वीडियो और कमेंट को लेकर प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही भी तय हो सकती है।

क्या है सेफ हार्बर सुरक्षा?

अभी **IT** एक्ट की धारा 79 के तहत सोशल मीडिया कंपनियों को सेफ हार्बर यानी कानूनी सुरक्षा मिलती है। इसका मतलब है कि अगर कोई यूजर किसी प्लेटफॉर्म पर गलत, आपत्तिजनक या गैरकानूनी कंटेंट पोस्ट करता है, तो उसके लिए कंपनी को सीधे जिम्मेदार नहीं माना जाता. हालांकि, कानून के तहत जरूरी शर्तों का पालन करना और सरकार या अदालत के आदेश पर संबंधित कंटेंट हटाना कंपनियों की जिम्मेदारी है।

सरकार क्या बदलना चाहती है?

सरकार इस सुरक्षा को सोशल मीडिया कंपनियों से हटाकर इंटरनेट, टेलीकॉम और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स तक सीमित करने पर विचार कर रही है। इससे सोशल मीडिया कंपनियों को यूजर्स के कंटेंट को लेकर ज्यादा जवाबदेह होना पड़ सकता है। अगर नियमों में बदलाव होता है तो सोशल मीडिया कंपनियों को पोस्ट, वीडियो और कमेंट की निगरानी के लिए अपनी व्यवस्था मजबूत करनी पड़ सकती है।



बस सवार यात्रियों ने की मदद, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

टाइगर रिजर्व के बेरियर पर थमी बस, खुले मैदान में मोबाइल के टार्च की रोशनी में गर्भवती महिला ने रात दो बजे दिया बच्चे को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा के नाम पर लागू किए गए कड़े नियमों और बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव ने एक बार फिर एक गर्भवती महिला और उसके परिवार को भारी मुसीबत में डाल दिया। रात के वक्त आवागमन पर प्रतिबंध के कारण एक यात्री बस के बेरियर पर रुकने के बाद, ठंड भरी रात में खुले मैदान में बिना किसी चिकित्सकीय सहायता के महिला का प्रसव कराना पड़ा। गनीमत यह रही कि जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर से यात्रियों से भरी एक बस देवभोग की ओर जा रही थी। इसी बस में ग्राम रसेला, तहसील छुरा निवासी कमार जनजाति की महिला संतोषी सोरी भी सवार थीं। बस जब उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत अमलीपदर के तौरंगा–इंदागांव बेरियर के पास पहुँची, तो रात के करीब 2 बज रहे थे। वनंचल क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा के मद्देनजर रात 7 बजे से सुबह 6 बजे तक वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहता है। इस नियम के तहत बेरियर पर आवाजाही बंद थी और बस को वहीं रोकना पड़ा। इसी दौरान बस में बैठी गर्भवती संतोषी सोरी को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई।

शाम 7 से सुबह 6 बजे तक मार्ग पूरी तरह रहता है बंद

खास खबर

टाइगर रिजर्व क्षेत्र में उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार सूर्यास्त से सूर्योदय तक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। वन्यप्राणियो की सुरक्षा के लिहाज से यह प्रतिबंध लगाया गया है हालांकि इस दौरान एंबुलेंस आपातकालीन स्थिति को छोड़कर सभी वाहनो पर प्रतिबंध है। लेकिन गर्भवती महिला यात्री बस मे सवार थी जिसके कारण यह स्थिति निर्मित हुई।



मोबाइल टॉर्च की रोशनी में कराना पड़ा प्रसव

रात के वक्त जंगल के बीच बेरियर बंद होने और चारों तरफ अंधेरा होने के कारण स्थिति बेहद भयावह हो गई। महिला की हालत लगातार बिगड़ती देख बस में मौजूद अन्य यात्रियों और परिचालक ने तुरंत सूझबूझ दिखाई। उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल मदद की पहल की और महतारी एक्सप्रेस एंबुलेंस को फोन पर सूचना दी। हालांकि, एंबुलेंस के मौके पर पहुँचने से पहले ही प्रसव पीड़ा इतनी असहनीय हो गई कि महिला को बस से उतारकर खुले मैदान में बच्चे को जन्म देना पड़ा। अंधेरा इतना अधिक था कि लोगों को मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में इस नाजुक प्रक्रिया को पूरा करना पड़ा। बाद में एंबुलेंस के आने पर जच्चा–बच्चा को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर पहुँचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई है।

स्थानीय लोगों में आक्रोश और उठी ये मांगें

इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने टाइगर रिजर्व के तौरंगा और इंदागांव जैसे मुख्य बेरियरों पर चौबीसों घंटे के लिए एंबुलेंस, एक आपातकालीन चिकित्सा दल (मेडिकल टीम) और सुरक्षित प्रतीक्षालय की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग किया है। मार्ग में यात्र करने वाले आम लोगों की सुरक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पानी, शौचालय और रोशनी के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

मुख्यमंत्री साय ने खोला नौकरी का पिटारा, 1,703 पदों पर भर्ती

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने युवाओं को रोजगार का बड़ा अवसर दिया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल ने समूह-2, तृतीय श्रेणी (स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर), उपसमूह-02 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के 1,703 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। मंडल द्वारा इन पदों के लिए पहली बार लिखित भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। भर्ती में सहायक ग्रेड-3 के 1,206 पद, सहायक उप निरीक्षक (जिला इकाई संवर्ग) के 279 पद, शीघ्रलेखक (हिंदी) के 30, उप निरीक्षक-अ (शीघ्रलेखक, सामान्य शाखा) के 34, स्टेनो टाइपिस्ट के 23, डाटा एंट्री ऑपरेटर के 25, शीघ्रलेखक (द्विभाषी) के 13, पंजीयक लिपिक के 50, सहायक उप निरीक्षक-अ (सामान्य शाखा) के 40 और शीघ्रलेखक (अंग्रेजी) के 3 पद शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन 5 नवम्बर से शुरू हो गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 27 नवम्बर 2026, शाम 5 बजे तक है। आवेदन में त्रुटि सुधार 28 से 30 नवम्बर तक शाम 5 बजे तक किया जा सकेगा। लिखित परीक्षा 10 जनवरी 2027 को सुबह 10 से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। प्रवेश पत्र 4 जनवरी 2027 से मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। परीक्षा पांच संभागीय मुख्यालयों में होगी। छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों, जो परीक्षा में उपस्थित होंगे, को परीक्षा शुल्क नियमानुसार उसी बैंक खाते में वापस किया जाएगा, जिससे शुल्क का भुगतान किया गया है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी और आवेदन के लिए अभ्यर्थी मंडल की वेबसाइट पर जा सकते हैं।



■ दिवाली से पहले छत्तीसगढ़ के युवाओं को मिला सुनहरा अवसर



करेंगुट्टा पहाड़ी में मिले सैकड़ों बीजीएल सेल

बीजापुर। पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन में उसूर थाने के ताड़ापाला से लगे जंगल में 711 बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) सेल मिले हैं। यह इलाका करेंगुट्टा पहाड़ी से लगा हुआ है। इतने बड़े पैमाने पर विस्फोटक मिलने के बाद इसके बाद पुलिस ने लोगों से अपील की है कि करेंगुट्टा एवं आसपास की पहाड़ियों में जाने से फिलहाल परहेज करें। उक्त क्षेत्र में अभी भी बारूदी सुरंग अथवा अन्य विस्फोटक सामग्री होने की आशंका के चलते खतरा बना हुआ है। पुलिस ने कहा है कि सुरक्षा की दृष्टि से आम नागरिक उक्त क्षेत्र में प्रवेश न करें। भविष्य में निर्धारित कार्ययोजना के तहत क्षेत्र में डी-माइनिंग अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान ताड़ापाला से लगभग 1.5 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम दिशा में केजी हिल्स के समीप सर्चिंग के दौरान माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए 711 नग बीजीएल सेल बरामद किए गए। बरामद बीजीएल सेल को सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए विधिवत सुरक्षित कब्जे मे लिया गया।

■ बारूदी सुरंग होने की संभावना, नागरिकों से न जाने की अपील

धान खरीदी शुरू होने में बचे दस दिन, कटाई तेज, पांच दिन पहले जारी किए जाएंगे टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत प्रदेश में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी। खरीदी के पहले किसानों ने धान की कटाई शुरू कर दी है। खरीदी से पहले उपज बेचने की तैयारी कर रहे किसान बेचने की तैयारियों में जुट गए हैं। समितियों द्वारा इसके लिए किसानों को 10 नवंबर से ही टोकन जारी किए जाएंगे। किसान मोबाइल पर 'तुंहर टोकन' एप के माध्यम से घर बैठे धान बिक्री का टोकन प्राप्त कर सकेंगे। नई व्यवस्था में आधार आधारित ओटीपी सत्यापन अनिवार्य रहेगा। सरकार ने धान खरीदी प्रक्रिया को सुविधाजनक और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन टोकन व्यवस्था को बढ़ावा दिया है। इसके तहत किसानों को टोकन लेने के लिए सहकारी समितियों और खरीदी केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। किसान गूगल प्ले स्टोर से 'तुंहर टोकन' मोबाइल एप डाउनलोड कर आवेदन कर सकेंगे।

आधार ओटीपी से होगा सत्यापन : टोकन के लिए पंजीयन करते समय किसानों की पहचान सुनिश्चित करने आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा। ओटीपी सत्यापन पूरा होने के बाद किसान टोकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य फर्जी पंजीयन और टोकन प्रक्रिया में संभावित अनियमितताओं पर रोक लगाना है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे पहले ही अपने आधार से जुड़े मोबाइल नंबर की जांच कर लें, ताकि पंजीयन के दौरान परेशानी न हो।

■ तुंहर टोकन एप से घर बैठे कर सकेंगे आवेदन आधार ओटीपी से होगा सत्यापन



हरिभूमि सरोकार

किसानों के पंजीकृत कृषि रकबे के अनुसार टोकन

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था में इस बार अहम बदलाव किया गया है। अब सभी किसानों को पहले की तरह तीन टोकन जारी नहीं किए जाएंगे। शासन ने टोकन की संख्या को किसानों के पंजीकृत कृषि रकबे से जोड़ दिया है। इसके तहत किसान के पास जितनी जमीन होगी, उसी के आधार पर उसे धान बेचने के लिए टोकन मिलेंगे। नई व्यवस्था के तहत अलग-अलग रकबे वाले किसानों के लिए टोकन की संख्या निर्धारित की गई है।

दो एकड़ से कम जमीन पर एक टोकन

दो से 10 एकड़ तक जमीन पर दो टोकन और 10 एकड़ से अधिक जमीन पर अधिकतम तीन टोकन जारी किए जाएंगे।

टोकन कटवाने से पहले पंजीकृत रकबे की जांच जरूरी

धान खरीदी की तैयारी कर रहे किसानों के लिए अब पंजीयन में दर्ज जमीन का विवरण महत्वपूर्ण हो गया है। यदि वास्तविक कृषि रकबे और पंजीकृत रिकॉर्ड में अंतर है, तो टोकन की श्रेणी तय होने में परेशानी आ सकती है। इसलिए किसानों को टोकन लेने से पहले अपने पंजीकृत रकबे और भूमि संबंधी दस्तावेजों का मिलान कर लेना चाहिए। साथ ही खरीदी केंद्र पहुंचने से पहले अपनी श्रेणी के अनुसार मिलने वाले टोकन की संख्या की जानकारी भी हासिल कर लेनी चाहिए।

ऐसे मिलेगा घर बैठे टोकन : धान बिक्री का टोकन लेने से पहले किसानों को अपने पंजीकृत रकबे और धान खरीदी से जुड़े निर्धारित नियमों की जानकारी रखना जरूरी होगा। टोकन के माध्यम से खरीदी की तारीख और मात्रा तय होगी। किसानों को आवेदन करते समय पंजीयन संबंधी जानकारी सही दर्ज करनी चाहिए, ताकि बाद में किसी तरह की परेशानी न हो।



आबकारी घोटाला: रामगोपाल और अरुणपति को हाईकोर्ट से जमानत

बिलासपुर। आबकारी घोटाले से जुड़े अलग-अलग मामलों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल और भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। अग्रवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज आबकारी घोटाला प्रकरण में राहत मिली है। जबकि त्रिपाठी को आबकारी विभाग से जुड़ी कथित 172 करोड़ रुपए की मनपावर भुगतान अनियमितता के मामले में जमानत दी गई है। हालांकि, ईडी के मामले में जमानत मिलने के बावजूद रामगोपाल अग्रवाल की तत्काल जेल से रिहाई नहीं हो सकेगी। उनके खिलाफ दूसरे मामलों में जमानत की प्रक्रिया लंबित है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता हर्षदीप खुराना और शशांक मिश्रा ने पक्ष रखा। अदालत ने ईडी के आबकारी घोटाला प्रकरण में जमानत मंजूर कर ली। अग्रवाल को इस मामले में राहत मिलने के बाद भी अन्य प्रकरणों में हिरासत के कारण जेल में रहना होगा।



दो भाइयों ने तेंदुआ के जबड़े से छीना पूजा वाला बकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडुका

वन परिक्षेत्र पाण्डुका अंतर्गत ग्राम तौरेंगा में गुरुवार तड़के सुबह 5 बजे लगभग देव पूजा के लिए बांध कर रखे बकरे को तेंदुआ दरवाजे के छेद से घसीट कर पास के झाड़ियों में ले गया। सुबह जब घर वाले उठे तो मुख्य दरवाजा की तरफ बिखरे हुए खून और बकरे के निशान को देखा। दोनों भाई दौड़े और घसीट कर ले गए तेंदुए का पीछा कर बकरे के कुछ हिस्से को छुड़ाने में कामयाब रहे। देव पूजन के लिए दूसरा बकरा खरीदने भाइयों ने वन विभाग से मुआवजा मांगा है। ग्राम तौरेंगा पंचायत के वार्ड नंबर 6 में निवासरत भीखम वा चुम्मन ध्रुव व अपने परिवार के साथ रहते हैं। आज तड़के सुबह जब बकरे के उसकी जगह पर खूंटी में बंधा नहीं देखा और खून के निशान देखा तो होश उड़ गए। घर से लगभग 300 मीटर की दूरी पर झाड़ियां में बकरे को बैठकर तेंदुआ खा रहा था।



जंगल से लगा है गांव, पशुओं की आवाजाही

गांव जंगल से लगे होने की वजह से जंगली जानवरों का आना-जाना यहां लगा रहता है । जंगली जानवरों के प्राकृतिक आवास और प्राकृतिक शिकार में इंसानों की दखल वा सिमटते जंगल और पेड़ों की अवैध कटाई इसके मुख्य वजह है । साथ ही इस घटना से मोहल्ले वासियों और ग्रामीणों में डर का माहौल है। खेत से लगे बाड़ी खलियान में झाड़ियां उग आई है साफ सफाई नहीं होने की वजह से झाड़ियां और खरपतवारों बड़ा रूप ले चुका है जो जंगली जानवरों के छुपने के लिए उपयुक्त बन गया है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
सुविधा: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

चिंतन

कारोबारियों के हित में दुनिया में स्थिरता

दुनिया का कारोबार युद्ध, टकराव और अनिश्चितता के सहारे नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और भरोसे के वातावरण में फलता-फूलता है। जब देशों के बीच तनाव बढ़ता है तो उसका असर केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कच्चे तेल की कीमतों से लेकर माल ढुलाई, उत्पादन लागत, निर्यात और निवेश तक दिखाई देता है। इसके विपरीत, दुनिया में स्थिरता की उम्मीद भी बाजारों में नई ऊर्जा भर देती है। इसलिए दुनिया में स्थिरता होना कारोबारियों के हित में है। धनतेरस से ठीक पहले भारतीय शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी इसी बदलते वैश्विक माहौल का संकेत है। पांच नवंबर को सेंसेक्स का 2009 अंक उछलकर 79,310 पर बंद होना और निफ्टी का 576 अंक चढ़कर 24,537 के स्तर पर पहुंचना केवल आंकड़ों का उछाल नहीं है, बल्कि निवेशकों के लौटते भरोसे की अभिव्यक्ति भी है। इस तेजी के पीछे अंतरराष्ट्रीय राजनीति की भी अहम भूमिका है। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी को दोनों सदनों में झटका लगने से उनकी नीतियों और निर्णयों पर राजनीतिक अंकुश बढ़ने की संभावना है। इससे ट्रंप की मनमानी पर रोक लगेगी और दुनिया कुछ स्थिर हो सकेगी। अमेरिकी राजनीति में सत्ता के संतुलन का बदलना वैश्विक बाजारों के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। खासकर तब, जब दुनिया पहले से ही पश्चिम एशिया के तनाव और ईरान से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर चिंतित हो। कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी भी भारत जैसे आयात निर्भर देश के लिए राहत का संकेत है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने से देश का आयात बिल बढ़ता है, रुपये पर दबाव आता है और महंगाई को हवा मिलती है। इसके उलट तेल की कीमतों में गिरावट से सरकार, उद्योग और आम उपभोक्ता तीनों को राहत मिल सकती है। परिवहन, बिजली, उर्वरक, रसायन और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों की लागत घटने से कारोबारी गतिविधियों को गति मिल सकती है। इसका लाभ अंततः रोजगार और मांग बढ़ने के रूप में भी सामने आ सकता है। शेयर बाजार के साथ ही सर्राफा बाजार में भी चमक देखने को मिली है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,328 रुपये चढ़कर करीब 1.44 लाख रुपये पर पहुंच गया, जबकि एक किलो चांदी 1,749 रुपये चढ़कर 1.88 लाख रुपये पर हो गई है। भारतीय बाजार की तेजी का एक घरेलू आधार भी है। सितंबर तिमाही के कंपनियों के बेहतर नतीजों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। रिलायंस, इंफोसिस और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में मजबूती ने बाजार को सहारा दिया। विदेशी निवेशकों की वापसी की उम्मीद और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर में संभावित बदलाव की चर्चाओं ने भी निवेश धारणा को प्रभावित किया है। अमेरिकी मध्यावधि चुनाव का संदेश भी यही है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में संतुलन और जवाबदेही का महत्व केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आर्थिक निर्णयों और वैश्विक भरोसे को भी प्रभावित करता है। किसी एक देश की नीतियों का असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। ऐसे में भारत के कारोबारियों के हित में यही होगा कि वैश्विक शक्तियां युद्ध और व्यापारिक टकराव के बजाय सहयोग का रास्ता अपनाएं। कारोबारियों के लिए सबसे बड़ा उपहार शेयर बाजार के कुछ हरे निशान नहीं, बल्कि दुनिया में शांति, स्थिरता और भरोसे का स्थायी माहौल है। बाजार की तेजी का उत्सव मनाने के साथ यह समझना जरूरी है कि स्थायी आर्थिक समृद्धि के लिए वैश्विक शांति, नीतिगत स्थिरता और घरेलू कारोबार के अनुकूल वातावरण अनिवार्य हैं।

दीपावली मनाएं लेकिन सेहत और पर्यावरण भी संभालें



पर्व

डॉ. संजय शुक्ला

दीपावली यानि रोशनी और उमंग का त्योहार जो जीवन को अंधकार से उजियारे की ओर ले जाता है। यह पर्व भारत ही नहीं वरन दुनिया के कई देशों में उत्साह के साथ मनाया जाता है। भारतीय समाज अपने सभ्यता के विकास से ही उत्सवधर्मी रहा है, दीपावली ऐसा त्यौहार है जिसमें हर कोई व्यंजन, कपड़े से लेकर रोशनी और आतिशबाजी में अपने आर्थिक सामर्थ्य के अनुरूप खर्च करता है। बिलाशक हर पर्व हमारे जीवन में उमंग और तरंग भरते हैं लेकिन इन त्योहारों के दौरान हमें कुछ सावधानियां भी बरतनी चाहिए ताकि सेहत और पर्यावरण सुरक्षित रहे तभी इन उत्सवों का महत्व है। पांच दिनों के दीपावली त्योहार में हर दिन का अपना अलग महत्व है जिसमें पुरातन संस्कृति,अध्यात्म,आरोग्य, सौंदर्य ,समृद्धि, प्रकृति संरक्षण, ग्राम्य संस्कृति, पशुधन,लोक परंपरा, भाई- बहन के प्रेम का अद्भुत मेल है। इस त्योहार का सीधा संबंध रोजगार और अर्थव्यवस्था से भी है जो देश और समाज को आर्थिक तौर पर मजबूत करता है। यह पर्व धार्मिक और सामाजिक समरसता और समता को भी प्रोत्साहित करता है जो हमारी सदियों पुरानी विरासत है।

बहरहाल इस त्योहार की सार्थकता तभी है जब हम कुछ सावधानियों और जवाबदेही के साथ दीपों के उत्सव को मनाएं। पांच दिनों के दीपावली में खान-पान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है क्योंकि इस दौरान हम क्या खा रहे हैं? कितना खा रहे हैं? इसका अंदाजा ही नहीं लग पाता। दीपावली का सीधा संबंध मिठाई और नमकीन से है लेकिन इस समय बाजार में बिकने वाले दूध से बनी मिठाईयों और मावा यानि खोया में मिलावट की सर्वाधिक आशंका होती है। सरकार और प्रशासन के तमाम कोशिशों के बावजूद बीते कुछ सालों में मिलावटी, दूषित, गुणवत्ताहीन और नकली ब्रांड वाले खाद्य पदार्थों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस त्योहारी सीजन में बाजार में बिकने वाले खाने-पीने के 60 से 65 फीसदी वस्तुओं में मिलावट होती है जो सेहत को काफी नुकसान पहुंचाते हैं।

दीपावली सहित अन्य प्रमुख त्योहारों के समय मिलावटी या नकली खोया की सबसे ज्यादा खबरें प्रकाश में आती है। इस दौरान मांग की तुलना में खोया के कम उत्पादन का फायदा नकली और मिलावटी खोया बेचने वाले उठाते हैं जो अपने अनैतिक कमाई के लालच में लोगों की जान सांसत में डालने से भी नहीं हिचकते। नकली खोया बनाने के दूध में यूरिया, डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा और मेलामाइन पावडर मिलाया जाता है। मिलावटी खोया में स्टार्च, आयोडीन,आलू, सिंघाड़े का आटा, मैदा, टेल्कम पावडर और दूध पावडर इत्यादि मिलाया जाता है। नकली और मिलावटी खोया से उल्टी-दस्त, अपचन, पाचनतंत्र से संबंधित रोग, लिवर और किडनी के रोग होते हैं। इसके अलावा मिठाईयों में एल्यूमिनियम का वर्क, प्रतिबंधित रंगों और एसेंस तथा सैक्रिन के प्रयोग से सेहत संबंधी दिक्कतें आती है। बहरहाल दीपावली के सीजन में जहां तक संभव हो घर की बनी मिठाईयों या बिना मिलावट की संभावना वाली मिठाईयों का सेवन करना चाहिए ताकि सेहत सलामत रहे। चूंकि इस दौरान शक्कर और घी-तेल से बनी चीजों का ज्यादा सेवन होता है जबकि शारीरिक श्रम इस तुलना में कम होता है लिहाजा सेहत की दृष्टि से नियमित व्यायाम और योग जरूर करें।



दीपावली पटाखों का भी त्योहार है लेकिन पटाखे जहां सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो रहे हैं वहीं इससे वायु और ध्वनि प्रदूषण में भी इजाफा होता है। इसके अलावा पटाखे पालतू पशुओं और इकोसिस्टम को भी प्रभावित करते हैं। पटाखों के धुंए और शोर से मुख्य रूप से फेफड़ों, हृदय, आंख,कान और त्वचा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है वहीं असावधानी वश पटाखे चलाने से जलने की घटनाएं आम है। इन परिस्थितियों में आवश्यक है कि हम सेहत और पर्यावरण के लिहाज से सुरक्षित पटाखों का उपयोग सावधानी पूर्वक करें ताकि यह खुद के साथ समाज के लिए भी परेशानी का सबब न बनें। गौरतलब है कि पटाखों का निर्माण बेरियम, पोटेशियम, सल्फर, कार्बन, नाइट्रेट, लिथियम एल्यूमिनियम और तांबा जैसे रसायन और धातुओं से किया जाता है जो तेज आवाज ,रोशनी और धुंआ पैदा करते हैं।

आमतौर पर अक्टूबर - नवंबर के महीने में तापमान कम होने के कारण नमी बढ़ जाती है। नमी की वजह से पटाखों से उत्पन्न विषैली रासायनिक धुंआ वातावरण में नीचे बैठे रहते हैं जो बुजुर्गों, बच्चों और अस्थमा पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। पटाखों से निकलने वाले प्रदूषकों के कारण हवा में पर्टिकुलेट मैटर के साथ भारी धातुएं भी सांस के द्वारा शरीर में पहुंच जाती है जिससे अल्जाइमर सहित अन्य न्यूरोलॉजिकल बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। पटाखों से निकलने वाले तेज आवाज कान और हृदय के अलावा मस्तिष्क पर भी बुरा प्रभाव डालते हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों के लिए 125 डेसीबल तक के आवाज को अधिकतम सीमा निर्धारित की है लेकिन पारंपरिक पटाखों का शोर 160 डेसीबल से भी ज्यादा होता है जिसके फटने से आदमी के दिल और घरों को नुक़सान होता है लेकिन लोग इससे बेपरवाह होकर पटाखे चलाने से परहेज नहीं करते।

सुप्रीम कोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल ने पटाखों के धुंए और शोर से होने वाले नुकसान के मद्देनजर पटाखे छोड़ने का समय रात 8 बजे से 10 बजे तक नियत करते हुए अधिकतम 125 डेसीबल आवाज वाले इकोफ्रेंडली ग्रीन पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और उपयोग की अनुमति दी है लेकिन यह सब सिर्फ कागजों पर ही सीमित हैं। देश की राजधानी के हालिया दमघोंटू प्रदूषण के दृष्टिगत सुप्रीम कोर्ट ने बेरियम युक्त पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग को दिल्ली - एनसीआर सहित समूचे देश में प्रतिबंधित किया गया है। अलबत्ता पटाखों से होने वाले नुकसान के लिए अकेले सरकार और प्रशासन ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि आम नागरिक भी जवाबदेह हैं जो पटाखों पर तय तमाम निर्देशों और बंदिशों को धता बताकर देर रात से लेकर अल सुबह तक तेज आवाज और घातक धुंआ फैलाने वाले पटाखे चलाकर यह त्योहार मनाते हैं फलस्वरूप बुजुर्गों, बच्चों और पशु - पक्षियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ता है। अलबत्ता दीपावली है तो पटाखे छूटेंगे ही लेकिन इस दिशा में थोड़ी सावधानी और जवाबदेही भी बरतनी चाहिए ताकि खुद के साथ अन्य लोगों को तकलीफों का सामना करना न पड़े।

दीपावली दीपों और रोशनी का पर्व है बदलते दौर में बाजार में चाइनीज प्लास्टिक दीयों, एलईडी लाइट्स अन्य सजावटी वस्तुओं की भरमार है जो सीधे तौर पर भारतीय व्यापार, ग्रामीण कुटीर उद्योग के साथ ही पर्यावरण के लिए भी नुकसानदेह है। गौरतलब है कि मिट्टी से बने लक्ष्मी - गणेश की मूर्ति, दीये और बर्तन जहां पर्यावरण के लिहाज से उत्तम है वहीं शास्त्र के अनुसार भी जरूरी है क्योंकि मिट्टी को पवित्र माना गया है। दूसरी ओर प्लास्टिक मूर्ति, दियों और अन्य सजावटी वस्तुओं से भूमिगत पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचता है क्योंकि ये बायोडिग्रेडेबल नहीं होते जो भूजल और जमीन की उर्वरता को प्रदूषित और प्रभावित करता है। चीन आयातित समानों के बढ़ती खपत और बिक्री के कारण देश के कुम्हारों के सामने जहां रोजगार का संकट पैदा हो रहा है वहीं उनकी नयी पीढ़ी अपने परंपरागत व्यवसाय से दूर हो रहा है। दरअसल नयी पीढ़ी का अपने परंपरा से दूर होना केवल व्यवसाय से जुड़ा मसला नहीं है बल्कि यह पारंपरिक कला और हुनर के क्षरण से जुड़ा गंभीर मुद्दा भी है। लिहाजा हर नागरिक को स्वदेशी निर्मित दीपावली समानों के साथ यह त्योहार मनाना चाहिए ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में भी दीपावली का उजियारा आलोकित हो सके तभी इस महापर्व की सार्थकता है।आखिरकार खुशियां बांटने से ही असली खुशी मिलती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

धनतेरस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



पहला सुख निरोगी काया दूसरा सुख घर में माया

पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख घर में माया। इसी माहात्म्य को दृष्टिगत रखते हुए धनतेरस का महापर्व हम धूमधाम से मनाते है। इस वर्ष धनतेरस पांच दिन तक चलने वाले दिवाली पर्व का पहला दिन है। यह पर्व उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की मंगलकामना का प्रतीक है। हिंदू धर्म में धनतेरस के त्योहार का बड़ा महत्व है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर आने वाला ये त्योहार इस साल 6 नवम्बर को मनाया जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर को सुबह 10 बजकर 30 मिनट से शुरू होकर 7 नवंबर की सुबह 10 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। ऐसे में धनतेरस का पर्व 6 नवंबर, शुक्रवार को मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान धन्वंतरि सागर मंथन के दौरान हाथ में कलश लिए उत्पन्न हुए थे। भगवान धन्वन्तरि आयुर्वेद जगत् के प्रणेता तथा वैद्यक शास्त्र के देवता माने जाते हैं। धनतेरस को स्वास्थ्य के देवता धन्वन्तरि का दिवस माना जाता है। धन्वन्तरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। माना जाता है कि यदि धनतेरस के दिन विधिपूर्वक भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाए तो वे प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में परिवार के लोग निरोगी रहते हैं। स्कंद पुराण के मुताबिक समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। जब वह प्रकट हुए तो उनके हाथ में अमृत कलश और पीतल के आभूषण थे। इसलिए धनतेरस पर भगवान की पूजा के साथ बर्तन या किसी पीली धातु को जरूर खरीदा जाता है। भगवान धन्वंतरि विष्णु के अवतार थे और जब समुद्र मंथन हुआ था तो भगवान धन्वंतरि के साथ शरद पूर्णिमा को चंद्रमा, कार्तिक द्वादशी के दिन कामधेनु गाय, त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि, चतुर्दशी के दिन मां काली और अमावस्या के दिन मां लक्ष्मी का जन्म हुआ था। इसलिए दिवाली से पूर्व धनतेरस मनाया जाता है। यह सर्वविदित है कि जहां स्वास्थ्य होता है वहीं लक्ष्मी का वास इसलिए भगवान धनवंतरि की जहां पूजा होती है, मां लक्ष्मी वहां अपने आप आ जाती हैं, ऐसा पौराणिक मान्यताओं में कहा गया है। इसलिए धनतेरस पर धनवंतरि, कुबेर और लक्ष्मी मां की पूजा जरूर करनी चाहिए। भारत में कई मंदिरों को भगवान धन्वन्तरि मंदिर के रूप में बनाया गया है। तमिलनाडु के वालाजपत में श्री धन्वंतरि आरोग्यपीदम मंदिर स्थापित है। इस आरोग्य मंदिर का निर्माण श्रीमुरलीधरस्वामिगल ने करवाया था। मध्य प्रदेश के मंदसौर में स्थापित तक्षकेश्वर मंदिर में नागराज तक्षक और आरोग्य देव धन्वंतरि की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर के निर्माण के पीछे महाराज परीक्षित की सर्प काटने से मृत्यु और फिर उनके पुत्र जन्मेजय द्वारा नागों से प्रतिशोध की पौराणिक कथा जुड़ी है। कोयंबटूर में स्थित श्री धन्वंतरी मंदिर तमिलनाडु में एक और लोकप्रिय भगवान धन्वंतरी जी का मंदिर है।

भगवान धन्वंतरि के सबसे प्रमुख और प्राचीन मंदिरों में से एक है नेल्लुवाई का धन्वंतरि मंदिर। किंवदंती में कहा गया है कि मंदिर में मूर्ति अश्विनी देवों द्वारा स्थापित की गई थी और यह वही मूर्ति थी जिसकी श्री द्वारा पूजा की जाती थी। पेरिंगवे में श्री धन्वंतरि मंदिर केरल में त्रिशूर शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक और पुराना धन्वंतरि मंदिर है। मंदिर का गर्भगृह 2 मंजिलों के साथ गोल आकार में बनाया गया है, जो अन्य केरल शैली की वास्तुकला के विपरीत एक दुर्लभ डिजाइन है। थोट्टूवा श्री धन्वंतरि मंदिर भारत के कुछ भगवान धन्वंतरि मंदिरों में से एक है। इस मंदिर के पीठासीन देवता धन्वंतरि हैं और उनकी मूर्ति लगभग छह फीट लंबी और पूर्व की ओर उन्मुख है। श्री रुद्र धन्वंतरि मंदिर जो लगभग 3500 वर्ष पुराना है, पुलमंथोले के केंद्र में स्थित है। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में स्थित राजबाड़ा के पास आड़ा बाजार में भगवान धन्वंतरि का 180 साल पुराना मंदिर है, जहां धनतेरस पर बड़ी संख्या में इंदौर के अधिकतर वैद्य और अन्य लोग दर्शन के लिए सुबह से आना शुरू हो जाते हैं। भारत के पूर्वी तट पर पूर्वी गोदावरी क्षेत्र में एक धन्वंतरि मंदिर है। यह आंध्र प्रदेश का सबसे पहला धन्वंतरि को समर्पित मंदिर है। धनतेरस पर लोग अपने घरों में दीपक जलाते हैं। भगवान धन्वंतरि की पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यता है जो भी धनतेरस पर भगवान कुबेर, मां लक्ष्मी संग धन्वंतरि की पूजा करता है, उसका घर हमेशा धन-धान्य, सुख-सुविधा और वैभव से परिपूर्ण रहता है। धनतेरस पर ज्यादातर लोग सोने-चांदी से बनी चीजों को प्रमुखता से खरीदते हैं और इसके लिए शुभ मुहूर्त पर विचार करते हैं। धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में सोने-चांदी से बने बर्तन या आभूषण खरीदने पर बहुत ही शुभ परिणाम प्राप्त होता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ज्ञान का अभिषेक



संकलित

दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो।

मृत्यु के बाद के साथी



संकलित

प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुंचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल की बीमारियों से बचना है तो इसके लिए सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुडना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा। - *संजय वर्मा, धमतरी*

ट्रेंड

श्रद्धांजलि



भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें मेरी श्रद्धांजलि। अपने हृदयस्पर्शी संगीत के माध्यम से, उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का बहुत ही सुंदर ढंग से जश्न मनाया।

- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

लोकतंत्र राष्ट्रीय शक्ति



लोकतंत्र हमारी राष्ट्रीय शक्ति है, जो जनता के विश्वास, संवैधानिक नियमों के पालन और जनादेश के सम्मान पर टिकी है। 'इंडिया' गठबंधन, जिन्हें जनता ने नकार दिया है, भारत के महान लोकतंत्र को अराजकता, अस्थिरता और अव्यवस्था की आग में झोंकने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। - **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

बेटियों का स्वाभिमान



दिल्ली पुलिस द्वारा अंकिता भंडारी के माता-पिता के साथ की गई बर्बरता, अमानवीय व्यवहार ने पूरे देश की बेटियों के स्वाभिमान को झकझोर कर रख दिया है। भाजपा के संवेदनहीन शासक कब तक चुप रहेंगे? क्या बेटी के लिए न्याय माँगना कोई अपराध है?

- **डिंपल यादव,** सांसद, सपा

युवाओं में प्रतिभा



देश के युवाओं में प्रतिभा, क्षमता और राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा है, लेकिन भाजपा सरकार उनकी इस क्षमता को पहचानने और उसका सही इस्तेमाल करने में विफल रही है। 'अग्निपथ' योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

- **सचिन पायलट,** पूर्व केंद्रीय मंत्री

करंट अफेयर

इथियोपिया ने दिया सूडान के दूतावास को बंद करने का आदेश



इथियोपिया ने सूडान से सटी सीमा के निकट स्थित अपने पश्चिमी शहर असोसा में सूडान के वाणिज्य दूतावास के छह कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया है और दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम को दोनों अफ्रीकी देशों के बीच बढ़ते कूटनीतिक तनाव के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम सूडान के उन आरोपों के बीच उठाया गया है, जिनमें उसने कहा था कि उसके बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे ड्रोन इथियोपिया के क्षेत्र से उड़ाए जा रहे हैं। सूडानी कर्मचारियों का निष्कासन इथियोपिया द्वारा एक अक्टूबर को इरीट्रिया के 10 राजनयिकों को देश छोड़ने का आदेश देने और वहां स्थित अपना दूतावास बंद करने के फैसले के बाद हुआ है। इसके जवाब में इरीट्रिया ने इथियोपिया के साथ कूटनीतिक संबंध तोड़ लिए थे। इथियोपिया ने पिछले महीने मिस्र के एक राजनयिक को भी निष्कासित किया था। नील नदी पर इथियोपिया द्वारा बनाए गए विशाल बांध को लेकर मिस्र के साथ उसके संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं। मिस्र को आशंका है कि इस बांध से उसकी जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है। इथियोपिया के एक खुफिया अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि सूडान के वाणिज्य दूतावास के छह कर्मचारियों को देश छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया था।

ऑफ बीट

जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?

ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

सबसे कम कीमत पर*
Gold Rate (x) * with Making %
22k Gold Value | Making Charges | Total %
91.6% + 1.99% = 93.59%
Jewellery Price* per 10 grams.
₹ 1,34,858/-
making charges included
ANAND Gold
No Credit Card Charges
Pandri

'24 घंटे की गिनती उसी समय से शुरू होगी, जब आरोपी पकड़ा गया'

हिरासत के समय पर सुको का बड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में साफ किया है कि किसी आरोपी को 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की समय-सीमा उसकी हिरासत में लिए जाने के समय से शुरू होगी, न कि उसकी औपचारिक गिरफ्तारी के समय से। कोर्ट ने साफ किया है कि हिरासत में लेना और गिरफ्तार करना, दोनों एक ही तरह से व्यक्ति की आजादी पर रोक लगाते हैं। इसलिए, 24 घंटे की गिनती उसी समय से शुरू होगी, जब पुलिस किसी व्यक्ति को हिरासत लेती है।

सुप्रीम कोर्ट की आलोचना

सुप्रीम कोर्ट ने कुछ हाई कोर्ट की इस रवैये की आलोचना भी की है कि हिरासत में लेने और औपचारिक गिरफ्तारी करने के बीच अलग-अलग कानूनी स्थिति मानकर अंतर किया जा सकता है। मामला त्रिपुरा हाई कोर्ट के एक आदेश से जुड़ा है। 29 सितंबर 2025 को हिरासत में लिए गए 4 लोगों की गिरफ्तारी 30 सितंबर को दिखाई गई थी। उन्होंने 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश न किए जाने का हवाला देते हुए इसे गलत बताया था, लेकिन हाई कोर्ट ने यह दलील स्वीकार नहीं की थी।



... तो तुरंत रिहा कर देना चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिरासत में लेने वाले अधिकारी को न केवल अनुच्छेद 22(2) की अनिवार्य 24 घंटे की समय-सीमा का ध्यान रखना चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि बीएनएसएस की धारा 58 के तहत मामले की परिस्थितियों को देखते हुए हिरासत की अवधि 24 घंटे के भीतर भी 'उचित समय' से अधिक न हो। अदालत ने कहा कि मजिस्ट्रेट का यह कर्तव्य है कि जब किसी व्यक्ति को उनके सामने पेश किया जाए, तो वे उस व्यक्ति की हिरासत की वास्तविक तारीख और समय को दर्ज करें। साथ ही, वे यह जांचें कि क्या हिरासत के उस समय से 24 घंटे की समय-सीमा का पालन किया गया है या नहीं। यदि 24 घंटे की समय-सीमा का उल्लंघन हुआ है, तो संबंधित व्यक्ति को तुरंत हिरासत से रिहा कर दिया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया सख्त रुख अपनाने का संकेत

यूजीसी के विवादित इक्विटी रेगुलेशंस को हटाएगी सरकार

सीजेआई सूर्यकांत ने केंद्र से पूछा- नियमों पर दोबारा विचार क्यों नहीं करते? सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- हर छात्र के हितों की रक्षा जरूरी, कमेटी गठित करने पर भी विचार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के विवादित इक्विटी रेगुलेशंस 2026 को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से इन नियमों को तत्काल हटाने और इन पर दोबारा विचार करने को कहा।



सीजेआई सूर्यकांत

इस पर केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आश्वासन दिया कि सरकार विवादित नियमों पर पुनर्विचार कर रही है और इन्हें हटाने की दिशा में कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि नई पीढ़ी के हर छात्र के हितों की रक्षा हो और किसी भी वर्ग में असंतोष या आशंका की स्थिति पैदा न हो।

नियमों पर नए सिरे से विचार करने के लिए एक कमेटी गठित होगी



पायल तड़वी और रोहित वेमुला के मामलों से जुड़ा है विवाद

जनवरी में नए नियमों पर लगा दी थी रोक

सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2026 में यूजीसी के नए इक्विटी रेगुलेशंस पर रोक लगा दी थी। अदालत ने नियमों की भाषा में अस्पष्टता और उनके संभावित दुरुपयोग की आशंका को लेकर चिंता जताई थी। इसके बाद शीर्ष अदालत ने 2012 के पुराने नियमों को जारी रखने की अनुमति दी थी।

जवाबी हलफनामे के बजाए दिया मौखिक सुझाव

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि शिक्षाविदों और इस क्षेत्र में काम करने वाले विशेषज्ञों की ओर से उठाए गए मुद्दों की सूची तैयार कर सुप्रीम कोर्ट के सामने रख दी गई है। उन्होंने यूजीसी को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समयबद्ध निर्देश देने की मांग की। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि जवाबी हलफनामे के बजाए अदालत केंद्र सरकार को मौखिक रूप से एक सुझाव दे रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अदालत कोई सलाहकार नहीं है, लेकिन उसने सरकार के सामने एक सुझाव रखा है।

सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान वोटर आईडी से होगी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार की सामाजिक कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान और भुगतान व्यवस्था में आधार कार्ड की जगह मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) को इस्तेमाल करने की संभावित योजना को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

- जयराम रमेश ने मोदी सरकार से मांगा जवाब

कांग्रेस ने इस पर मोदी सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने केंद्रीय पंचायती राज मंत्री के लगातार दो बयानों का हवाला देते हुए सवाल किया है कि क्या आधार की जगह वोटर आईडी को लाभार्थियों की पहचान का आधिकारिक आधार बनाने का फैसला कर लिया गया है?

मुझे बीजेपी में शामिल होने का ऑफर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मोगा से आम आदमी पार्टी की विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा ने अपने घरों पर ईडी की छापेमारी के बाद आरोप लगाया कि कि इस दौरान उन्हें किसी के फोन के माध्यम से भाजपा में शामिल होने का संदेश भी दिया गया था और कहा गया था कि भाजपा ज्वाइन करने पर उन्हें मंत्री पद दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है और पार्टी ने ही उन्हें विधायक बनाया है। कौर के ठिकानों पर पिछले 36 घंटे से चल रही प्रवर्तन ईडी की छापेमारी आखिरकार गुरुवार को समाप्त हो गई। बुधवार सुबह 6 बजे ईडी की टीम ने विधायक के दो घरों सहित कुल 7 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की थी। गुरुवार को सभी ठिकानों पर कार्रवाई पूरी करने के बाद ईडी की टीमें वापस लौट गईं। हालांकि, ईडी की इस कार्रवाई के दौरान क्या-क्या दस्तावेज या अन्य सामान बरामद हुआ और किस मामले को लेकर यह छापेमारी की गई थी। इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। कौर ने कहा कि वे पार्टी के साथ मजबूती से खड़ी हैं।

- ईडी की छापेमारी के बाद आप विधायक का आरोप

डीआरडीओ ने किया 'क्वासी बैलिस्टिक प्रलय' मिसाइल का सफल परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुरुवार को ओडिशा तट के पास स्थित डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से 11 बजकर 10 मिनट पर क्वासी बैलिस्टिक मिसाइल प्रलय का सफल उड़ान परीक्षण किया है। मिसाइल की अनुमानित मारक क्षमता लगभग 150 से 500 किलोमीटर तक है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसके लिए संगठन, सैन्यबलों और उद्योग जगत के तमाम भागीदारों को बधाई देते हुए उनकी हौसला अफजाई की है। उन्होंने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकियों से लैस ये मिसाइल उभरते हुए खतरों के खिलाफ सैन्यबलों की रणनीतिक तैयारियों, परिचालन क्षमता को और अधिक सशक्त बनाएगी। डीआरडीओ के अध्यक्ष और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने भी परीक्षण में शामिल सभी टीमों को बधाई दी है। रक्षा मंत्रालय ने 5 नवंबर को जारी किए एक आधिकारिक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। क्वासी मिसाइल एक ऐसी मिसाइल होती है। जिसमें न केवल बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल दोनों के गुणों का समावेश होता है। बल्कि वह उड़ान के दौरान अपनी पूर्व निर्धारित दिशा को अचानक बदल भी सकती है। जिससे दुश्मन के रडार या मिसाइल को नष्ट करने वाले हथियार उसका सही-सही पता नहीं लगा पाते।

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के साथ गुरुवार को काठमांडू स्थित प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद कार्यालय में विदेश सचिव विक्रम मिस्री की मुलाकात हुई है। जो उनके मौजूदा दो दिवसीय (4 से 5 नवंबर तक) दौरे के तहत की गई है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार
Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

निविदा रद्द करने संबंधी सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा सं0. EE/RDSD/LATEHAR/30/2026-27 जिसका PR NO- 388074 Rural Development (26-27)#D दिनांक–22.08.2026 को प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

PR 393367 Rural Development (26-27) D"

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

निविदा रद्द संबंधी सूचना

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् इ–निविदा संख्या–03 / 2026 - 27 / RWD /CHATRA,दिनांक–21.10.2026 (Maintenance of Road from Mandhaniya to Haldipur More (Length - 6.500 KM)), जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि –19.11.2026 है, जिसका P.R. No. 392140 Rural Work Department (26-27).D को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल,
चतरा

PR 393374 Rural Work Department (26-27) D"

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची

निदेशालय पत्रांक:–1406 दिनांक:–05.11.2026

PR 393088 Labour Employment and Training (26-27)_D

Corrigendum

सूचित किया जाता है कि PM-SETU योजनान्तर्गत Jharkhand e-Tender Portal (https://jharkhandtenders.gov.in) के माध्यम से प्रकाशित Tender Reference No.-5/TRG(PM-SETU)-17/2026, Tender ID- 2026_LABOR_120535_1 के Pre-Bid Meeting की तिथि 10 November 2026 के स्थान पर 12 November 2026 12:00 PM को निर्धारित की जाती है। शेष यथावत् रहेगा।

ह0/–उप निदेशक प्रशिक्षण(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण,
झारखण्ड, राँची

PR 393394 (Labour Employment and Traning)26-27*D

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, क्यारबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018
फोन - 0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./ बी-6/वि.स.क्षे. कांकेर / 81-01 / Mandi-1/1097 / 26-27/4619 रायपुर, दिनांक 05/11/ 2026

मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

छ.ग. राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड रायपुर द्वारा छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, 'द' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारो से निम्न *"दर्शित कार्यों हेतु तीन लिफाफा पद्धति से निविदाएं पंजीकृत डाक द्वारा प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर में आमंत्रित की जाती है।* निविदा प्रपत्र कार्य क्र. 01 से 26 तक कार्यपालन अभियंता संभागीय कार्यालय छ.ग. राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड पुराना मंडी प्रांगण केवरामुंडा जगदलपुर द्वारा विक्रय, प्राप्ति एवं खोले जाएंगे।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 30.11.2026 को सायं 5.00 बजे तक
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 08.12.2026 को सायं 5.00 बजे तक
3. निविदा खोले जाने की तिथि - 09.12.2026 को 3.00 बजे दोपहर से

क्र.	कार्य का नाम / स्थल	निविदा राशि (लाख में)	अमानत राशि (रू. में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू. में)	समयावधि	एस.ओ. आर विवरण
जिला कांकेर, वि.ख. कांकेर अंतर्गत निर्माण कार्य :–						
1	ग्राम बेवरती मुख्य मार्ग से तालाब पहुंच मार्ग पर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य ।	8.32	6300/-	1000/-	04 माह	लो.नि.वि. सड़क कार्य दिनांक 01.01.2025, से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर।
2	ग्राम बागोडार में सरोज घर से नथलु नेताम घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य ।	7.39	5600/-	1000/-	04 माह	
3	ग्राम सिंगारभाट में मुख्य मार्ग राईसमिल पारा से खुटापारा पहुंच मार्ग तक सी. सी. सड़क निर्माण कार्य ।	7.39	5600/-	1000/-	04 माह	
4	ग्राम कुलगांव के गोवर्धन में कच्छारपारा से बत्ती घर से माखन घर तक 300 मी. सी.सी. सडक निर्माण कार्य ।	9.24	7000/-	1000/-	04 माह	
5	ग्राम माकड़ी सिंगराय में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य ।	7.39	5600/-	1000/-	04 माह	
6	ग्राम कन्हारपुरी (डोगरीपारा) में जगु उसेण्डी घर से प्राथमिक शाला स्कूल तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य ।	7.39	5600/-	1000/-	04 माह	
7	ग्राम धनेलीकन्हार में ढोलेश घर के पास सी.सी.सड़क निर्माण कार्य ।	8.32	6300/-	1000/-	04 माह	
8	ग्राम दसपुर में हाई स्कूल पहुच मार्ग में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य ।	8.32	6300/-	1000/-	04 माह	
9	ग्राम मोहपुर में पंचायत भवन पहुच मार्ग में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य ।	8.32	6300/-	1000/-	04 माह	
10	ग्राम मुरडोंगरी में टीना शेड निर्माण कार्य ।	5.11	5000/-	1000/-	04 माह	लो.नि.वि. भवन कार्य दिनांक 01.01.2015, से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर।
11	ग्राम तुलतुली में टीना शेड़ निर्माण कार्य ।	5.11	5000/-	1000/-	04 माह	
12	ग्राम कोरेठा में टीना शेड निर्माण कार्य ।	5.11	5000/-	1000/-	04 माह	
13	ग्राम सुरेली में टीना शेड निर्माण कार्य ।	5.11	5000/-	1000/-	04 माह	
14	ग्राम कुरिष्टीकुर बड़ेपारा के पास में टीना शेड निर्माण कार्य ।	5.11	5000/-	1000/-	04 माह	
15	ग्राम केवटीनटोला में मंगल भवन निर्माण कार्य ।	8.58	6500/-	1000/-	04 माह	लो.नि.वि. भवन कार्य दिनांक 01.01.2015, एवं विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर।
16	ग्राम नारा डडसेना कलार समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य ।	8.58	6500/-	1000/-	04 माह	
17	ग्राम नवागांव में भावगीर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य ।	8.58	6500/-	1000/-	04 माह	
18	ग्राम कोदागांव महारपारा में समुदायिक भवन निर्माण कार्य ।	8.58	6500/-	1000/-	04 माह	
19	ग्राम पुसवाड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य ।	8.58	6500/-	1000/-	04 माह	
20	ग्राम बेवरती में पंचायत के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य ।	8.58	6500/-	1000/-	04 माह	
21	ग्राम गोतपुर में साहू समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य ।	8.58	6500/-	1000/-	04 माह	
22	ग्राम बेवरती मे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य।	8.58	5000/-	1000/-	04 माह	
23	ग्राम कोकपुर डोगरीपारा में रंगमंच निर्माण कार्य ।	5.34	5000/-	1000/-	04 माह	
जिला कांकेर, वि.ख. नरहरपुर अंतर्गत निर्माण कार्य :–						
24	ग्राम बुदेली में साहु समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य ।	8.58	6500/-	1000/-	04 माह	लो.नि.वि. भवन कार्य दिनांक 01.01.2015, एवं विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर।
25	ग्राम रावस (मेड़ीमोहा) में रंगमंच निर्माण कार्य ।	5.34	5000/-	1000/-	04 माह	

शर्तें :– कार्यों के सम्मुख दर्शित अमानत राशि एफ.डी.आर./टी.डी.आर. के रूप में प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, रायपुर के नाम देय होगा, एवं निविदा से संबंधित शेष शर्तें कार्यालयीन समय मे तथा निविदाएँ पंजीकृत डाक से कार्यालय संयुक्त संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, संभागीय कार्यालय पुराना मंडी प्रांगण केवरामुंडा,जगदलपुर में उपरोक्त निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विक्रय, प्राप्त / देखी जायेगी।

S-49716/1 **प्रबंध संचालक**

MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR
Gem Portal Tender Notice
Main Portal: http://Gem Portel (Government e-market place)
(2nd Call)

NIT NO: 70 RAIPUR DATED: 04.11.2026

Online bids are invited for the following works up to 19.11.2026 at 17:30 hours.

Sr. No	Gem Bid No.	Name of work	Amount of the Estimate (In lacs)	Earnest Money Deposit (In Rs.)	Eligible class of contractor / firm	Time allowed for Completion
1	GEM/2026/B/8240987	जोन क्रमांक 04 अंतर्गत विभिन्न विभागों के कार्य संपादन हेतु निजी प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से उच्चकुशल कम्प्युटर आपरेटर, वाहन चालक, विद्युत विभाग हेतु श्रमिक प्रदाय कार्य	66.76	67,000/-	Registered in Gem portal (Government e-market place)	12 माह
2	GEM/2026/B/8241475	जोन क्रमांक 04 अंतर्गत विभिन्न कार्यालयीन कार्यों हेतु विभागवार नगर निवेश, लोककर्म, जल विभाग, आनंद समाज वाचनालय में कार्यालय सहायक, मुख्यालय प्रेस विभाग कुशल एवं अकुशल श्रमिक प्रदाय कार्य	113.58	1,14,000/-	Registered in Gem portal (Government e-market place)	12 माह

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE-04
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

homefirst We'll take you home
Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703 Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com
कब्जा सूचना

संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के तहत कब्जा नोटिस

चूंकि अधोहस्ताक्षरी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम संख्या 54) के तहत नीचे दी गई संबंधित तिथियों पर जारी मांग सूचना के अनुसरण में एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आप/उधारकर्ताओं, अधोनामों से संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। आप/सभी ऋणधारक निर्धारित समय के अंदर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड**, सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए और उसके अंतर्गत नियमों का पालन करते हुए, नीचे उल्लिखित गिरवी संपत्तियों पर **कब्जा** कर लिया है:

क्र. सं.	ऋणधारकों / सह-ऋणधारकों/ जमानतदारों के नाम	बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रूपये में)	कब्जा की तिथि
1.	विनोद कुमार, माधुरी वर्मा	मकान- प.ह.नं. 46, ब्लॉक/बिल्डिंग नंबर - ख.नं. 1063/22, विनोद पी+सी, खसरा नंबर 1063/20; प.ह.नं. 46; ग्राम - कुरुद, कुरुद बस्ती, कुरुद वार्ड, वार्ड नंबर 16, भिलाई, रा.नि.मं. - दुर्ग, तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.) भिलाई, छत्तीसगढ़ - 490023, चौहद्दी: पूर्व - शिव देवांगन का प्लॉट, पश्चिम - अन्य का प्लॉट, उत्तर - मायाराम देवांगन का प्लॉट, दक्षिण - 25 फुट चौड़ी सड़क।	03-09-2026	16,87,921	04-11-2026
2.	शामिनी पिल्ले	फ्लैट - प.ह.नं. 51, ब्लॉक/बिल्डिंग नंबर - फ्लैट नंबर एमआईजी-604, ब्लॉक/बिल्डिंग का नाम - प.ह.नंबर 51, आर.आई.सी. रायपुर 3-कोटा, तहसील व जिला रायपुर - शामिनी लैप, छठी मंजिल पर फ्लैट नंबर एमआईजी-604 (2बीएचके), ब्लॉक नंबर 06, क्षेत्रफल 835 वर्गफीट, संपत्ति - खसरा नंबर 35/4 व 35/5 का कुछ भाग। संपत्ति स्थिति: छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मौजा कोटा 1+2, कबीर नगर, चित्रकोट परिसर, प.ह.नं. नंबर 51, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001। चौहद्दी: पूर्व - फ्लैट नंबर 601, पश्चिम- मौजूदा नहर/सड़क, उत्तर - फ्लैट नंबर 603, दक्षिण - खुला क्षेत्र।	03-09-2026	5,68,934	04-11-2026
3.	परदेशी राम ध्रुर्वे, सुगरन बाई ध्रुर्वे	प्लॉट - प.ह.नंबर 2, ब्लॉक/बिल्डिंग नंबर - ख.नं. 46/4, ब्लॉक/बिल्डिंग का नाम - दुर्ग परदेशी पी+सी, पुराना खसरा नंबर - 46/1, नया खसरा नंबर - 46/4, दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 491001। चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता का शेष प्लॉट, पश्चिम - सीमा ठाकुर का प्लॉट, उत्तर - राजपूत जी का प्लॉट, दक्षिण - 24 फीट चौड़ी सड़क।	03-09-2026	21,09,955	04-11-2026

ऋणधारक द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणधारक/जमानतदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपरोक्त तिथि से अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

ऋणधारकों/जमानतदारों तथा आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संदर्भित संपत्तियों/प्रतिभूतियों या उनके किसी भी भाग से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूतियों से संबंधित कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो ऊपर उल्लिखित राशि के लिए संपत्तियों/प्रतिभूतियों के विरुद्ध देय है और **पूर्ण भुगतान होने तक उस पर ब्याज सहित देय है।**

ऋणधारक का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उन प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो प्रतिभूत संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

स्थान: रायपुर, भिलाई, दिनांक: 06-11-2026 अधिकृत अधिकारी: होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड



'रामायण' हिंदी में दिखेगी पूरी, काटे गए गाने-सीन

मुंबई। रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश ने 'रामायण' के नए अंतरराष्ट्रीय संस्करण पर चर्चा की है। अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए, फिल्म के अंग्रेजी संस्करण को 30 मिनट छोटा कर दिया गया है, यानी इसमें गाने और कुछ सीन हटा दिए गए हैं। रणबीर ने मजाक में कहा कि अगर आप 'पूरी' रामायण का अनुभव लेना चाहते हैं, तो इसे हिंदी में देखें। साई ने भी बताया कि इन बदलावों का असर सिर्फ संगीत पर नहीं, बल्कि कहानी के कुछ खास पलों पर भी पड़ा है। यश ने समझाया कि उनकी टीम चाहती थी कि जो दर्शक रामायण के सभी किरदारों से ज्यादा वाकिफ नहीं हैं, उनके लिए कहानी समझना आसान रहे, इसीलिए फिल्म में कुछ एडिटिंग करनी पड़ी।

लाइफ Style

श्रद्धा

आलोचना के बीच ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर सवाल-जवाब के सेशन के दौरान फैंस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन आलोचना और नकारात्मक टिप्पणियों पर अपनी राय रखी।

श्रद्धा ने कहा कि वह ऐसे कमेंट्स का जवाब देने में समय गंवाने के बजाय अपने काम पर ध्यान देना पसंद करती हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब आगामी फिल्म 'ईथा' में उनके मराठी लहजे और संवाद अदायगी को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हो रही है। श्रद्धा से बातचीत के दौरान जब एक फैन ने पूछा कि वह आलोचनाओं से कैसे निपटती हैं, तो श्रद्धा ने कहा, सच कहूं तो, मैं आलोचनाओं को संभालती ही नहीं। इसमें संभालने जैसा है ही क्या? मैं तो अपना व्हाट्सएप भी ठीक से नहीं संभाल पाती हूं। मेरा कोई मैनेजर भी नहीं है और न ही मैं किसी एजेंसी से जुड़ी हूं। मेरे दोस्त, निर्देशक और निर्माता मुझे अक्सर डांटते रहते हैं कि मैं अपना फोन चेक नहीं करती हूं। श्रद्धा ने आगे कहा, मुझे आलोचनाओं से निपटने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं बस काम करना चाहती हूं और ज्यादा से ज्यादा काम करना चाहती हूं। बस इतना ही। बता दें श्रद्धा जल्द ही लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'ईधा' में विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभा रही हैं। विठाबाई लावणी और तमाशा की एक मशहूर कलाकार थीं, जिन्होंने महाराष्ट्र के लोक मनोरंजन में अहम योगदान दिया था।



हॉलीवुड मसाला



11 साल की थी, तब कोकीन ऑफर की गई

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्ट्रेस डैफने कीन ने हाल ही में पॉडकास्ट में बताया कि महज 11साल की उम्र में उन्हें हॉलीवुड पार्टियों में कोकीन ऑफर की जाती थी। हालांकि, उन्होंने हमेशा इसके लिए मना किया। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह आज भी शराब और ड्रग्स से दूर रहती हैं। हॉलीवुड एक्ट्रेस डैफने कीन इन दिनों अपने एक खुलासे को लेकर चर्चा में हैं। 'लोगन' फिल्म में छोटी उम्र में एक्स-23 का किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह महज 11 से 13 साल की थीं, तब उन्हें हॉलीवुड की पार्टियों में कोकीन ऑफर की जाती थी।



ब्रैड पिट की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। पिता ब्रैड पिट और मां एंजेलिना जोली के बीच चल रही लीगल बैटल के बीच अब उनकी बेटी विवियेने मार्शलीन ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने सरनेम के आगे से पिता का लास्टनेम 'पिट' हटा दिया है। पिट सरनेम हटवाने के लिए विवियेने ने कोर्ट में अर्जी डाली थी, जिसे अदालत ने मंजूरी दे दी है। क्यों विवियेने ने हटवाया सरनेम और क्या है ये पूरा मामला पढ़ें डिटेल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी विवियेने से पहले उनके सिबलिंग्स जहरा मार्ले जोली और मैडॉक्स चिवन जोली की भी लीगल नेम बदलने की अपील सितंबर में मंजूर हुई थी। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कैलिफोर्निया के एक जज ने सोमवार को सुनवाई के बाद विवियेने मार्शलीन को पिट से जोली सरनेम बदलने की मंजूरी दे दी है। एंजेलिना की बेटी विवियेने ने 18 साल की होते ही 12 जुलाई को कोर्ट में नाम बदलने की अर्जी डाल दी थी।



'मातृभूमि' के ट्रेलर का इंतजार खत्म...

मुंबई। सलमान खान ने 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' का नया गाना 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' हाल ही में जारी किया था, जिसने फिल्म के प्रति लोगों को फिर उत्साहित कर दिया। अब खबर है कि युद्ध ड्रामा पर आधारित इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों के बीच आने के लिए तैयार है। इससे त्योहार के मौसम में दर्शकों के पास जश्न मनाने का एक बड़ा मौका होगा। बताया जा रहा है कि ट्रेलर रिलीज के लिए तैयारी शुरू हो गई है। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, 'मातृभूमि' का ट्रेलर आज शुक्रवार 6 नवंबर को मुंबई में लॉन्च होने जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म निर्माता शहर में एक ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च इवेंट की योजना बना रहे हैं, जिसका मकसद त्योहारों के चल रहे उत्साह का फायदा उठाना है। हालांकि, इवेंट शेड्यूल के बारे में प्रोडक्शन हाउस की तरफ से आधिकारिक पुष्टि का अभी इंतजार है।



'जेलर 2' ओटीटी पर 12 को होगी रिलीज

मुंबई। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर धाक जमाने आ रही है। नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा निर्देशित एक्शन-कॉमेडी पिछले महीने 15 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। इसने दुनियाभर में अब तक 800 करोड़ रुपये से ज्यादा कारोबार कर लिया है। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में मौजूद है और 21वें दिन तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 466.05 करोड़ रुपये कमा चुकी है। आइए जानते हैं कि इसे ओटीटी पर कब और कहां देख सकेंगे। 'जेलर 2' का 2023 में आया पहला भाग अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। दूसरा भाग इसी प्लेटफॉर्म पर 12 नवंबर, 2026 से उपलब्ध करा दिया जाएगा। फिल्म तमिल के साथ-साथ हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषा में दस्तक देगी।

टीवी मसाला



'बिग बॉस 20': यंग ने गर्लफ्रेंड को दिया 10-12 बार धोखा

मुंबई। 'बिग बॉस 20' में ड्रामा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब शो के प्रतियोगी यंग डीएसए ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड समीक्षा को कई बार धोखा दे चुके हैं। दरअसल, घर में उनके परिवार की ओर से एक ऑडियो मैसेज सुनाया गया, लेकिन गर्लफ्रेंड की तरफ से कोई संदेश नहीं आया, जिससे यंग काफी निराश हो गए। यंग ने अपने साथी प्रतियोगी स्काउट ओपी से अपना दुख साझा करते हुए कहा, मैंने समीक्षा को खो दिया है, स्काउट। जब स्काउट ने उन्हें सांत्वना देने की कोशिश की, तो यंग ने खुलासा करते हुए कहा, मैंने उसे बहुत बार धोखा दिया है। उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने समीक्षा को लगभग 10-12 बार धोखा दिया है। यह सुनकर स्काउट ने पूछा, फिर भी वह तुम्हारे साथ रही? यंग ने जवाब दिया, नहीं, उसे पता ही नहीं था। यंग की इस बात का मतलब है कि समीक्षा को उनके धोखे के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यंग ने आगे अंदाजा लगाते हुए कहा, शायद जब मैं यहां आया, तब उन्हें इस बात का पता चला होगा। 'बिग बॉस 20' में अपने सफर के दौरान, यंग ने कई बार अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में बात की है। उन्होंने अक्सर उसे अपनी 'पसंदीदा औरत' कहा है और बताया है कि वह उनकी जिंदगी में बहुत खास है।

यूपीएससी करना चाहते थे पंकज कपिल शर्मा के शो में खोला दिल का

मुंबई। कपिल शर्मा का 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने 5वें सीजन के साथ नेटफ्लिक्स पर लौट चुका है। हालिया एपिसोड का प्रोमो निर्माताओं द्वारा जारी कर दिया गया है, जिसमें मेहमान बनकर पंकज त्रिपाठी, कॉमेडियन जाकिर खान और एजुकेटर डॉ विकास दिव्यकीर्ति पहुंचे। प्रोमो की शुरुआत कपिल द्वारा तीनों मेहमानों के स्वागत से हुई। इसके बाद माहौल काफी मजाकिया और मस्तीभरा हो गया। इस दौरान पंकज ने बताया कि वह यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। प्रोमो के मुताबिक, पंकज ने विकास के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए बताया कि वह उनसे एक क्लासरूम में मिले थे।इस पर कपिल पूछते हैं कि क्या अभिनेता यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे, तो पंकज ने स्वीकारा कि वह कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी करना चाहते थे। इस पर कपिल मजाकिया अंदाज में कहते हैं, हम सब यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। उनकी यह बात सुनकर शो में मौजूद दर्शक भी हंस पड़े।



'रामायण' में अपने किरदार को लेकर भावुक हुए सनी देओल

मुंबई। नितेश तिवारी की पौराणिक फिल्म 'रामायण' में सनी देओल का 'हनुमान' किरदार खूब चर्चा बटोर रहा है। फिल्म में भले उनका चेहरा न दिखाया गया हो और पोस्ट-क्रेडिट इंट्रोडक्टरी दृश्य में पीछे से उनकी एक झलक दिखाई गई हो, लेकिन सोशल मीडिया पर यह दृश्य छाया हुआ है। इस बीच, सनी ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह भावुक दिखे। दरअसल, वह अपने पिता धर्मेंद्र के फार्महाउस पर पहुंचकर उन्हें याद करते हुए नजर आए हैं।



धर्मेंद्र का फार्महाउस मुंबई के पास महाराष्ट्र की खूबसूरत लोनावाला-खंडाला पहाड़ियों में लगभग 100 एकड़ में फैला हुआ है, जहां दिवंगत अभिनेता सिनेमा की भागदौड़ से दूर सुकून के पल बिताते थे। यह प्रॉपर्टी अपनी नेचुरल सेटिंग और रस्टिक स्टाइल के लिए जानी जाती है, जहां गांव जैसा माहौल है। इसमें बैठने की एक बड़ी जगह और एक गर्म स्विमिंग पूल भी है। बता दें, अभिनेता का 24 नवंबर, 2025 को 89 साल की उम्र में निधन हो गया था।

पिता धर्मेंद्र की याद में डूबे सनी

सनी अपने बेटे करण देओल के साथ दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के फॉर्महाउस पर पहुंचे जिसकी झलकियां उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों फॉर्महाउस पर खड़े हैं और वहां मौजूद खेतों में फसल से जुड़े कुछ काम चल रहे हैं। सनी और करण इस प्रक्रिया को ध्यान से देख रहे हैं। इसके बैकग्राउंड में भावनात्मक गाना चल रहा है। इसके साथ अभिनेता ने कैप्शन दिया, 'आपकी याद आ रही है पापा।'

इमरान हाशमी की 'गनमास्टर जी9' का मोशन-पोस्टर जारी, जेनेलिया संग जमेगी जोड़ी

मुंबई। इमरान हाशमी की फिल्म 'गनमास्टर जी9' इस महीने सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी यह एक्शन-थ्रिलर है, जिसका निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है। इसमें इमरान के साथ जेनेलिया डिसूजा मुख्य किरदार में हैं। फिल्म से अब तक कई गानों को जारी किया जा चुका है और अब निर्माताओं ने नया मोशन-पोस्टर रिलीज किया। इसमें अभिनेता की दमदार झलक के साथ धमाकेदार एक्शन होने का संकेत भी मिलता है।



आयुष्मान को टक्कर देने आएगी 'गनमास्टर जी9'

फिल्म का मोशन-पोस्टर इमरान के किरदार के गुस्सैल अवतार की एक झलक देता है। बैकग्राउंड में एक तीव्र संगीत को शामिल किया गया है। अभिनेता का डायलॉग भी शामिल है जिसमें वह कहते हैं, मेरे इश्क की दुनिया में आओगे तो इस दुनिया से जाओगे। अपारशक्ति खुराना भी 'गनमास्टर जी9' में एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। यह 27 नवंबर को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसका सामना आयुष्मान खुराना की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' के साथ होगा।

'वी वर हियर' से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ीं

मुंबई। प्रियंका चोपड़ा भारतीय शॉर्ट फिल्म 'वी वर हियर' से कार्यकारी निर्माता के तौर पर जुड़ गई हैं। यह कॉमेडी फिल्म प्रणव मसीन ने निर्देशित की है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे लोग एआई के आने से अपनी नौकरी जाने की चिंता में जी रहे हैं, जो आजकल एक बहुत ही आम बात हो गई है। प्रियंका ने कहा कि उन्हें इस प्रोजेक्ट से जुड़ने का मौका मिला तो उन्होंने फौरन हां कर दी। उन्होंने इसे आज के समय के एक अहम मुद्दे पर ताजा और मजेदार नजरिए वाली फिल्म बताया है।



धर्मेंद्र को मां के किरदार में छोटी लगीं रोहिणी हट्टंगडी, देखते ही दी थी यह सलाह...

मुंबई। अभिनेत्री रोहिणी हट्टंगडी ने पर्दे पर कई बड़े सितारों की मां का किरदार निभाया है, जबकि असल जिंदगी में वह उनसे उम्र में छोटी थीं। वह 'अग्निपथ' और 'शहंशाह' में अमिताभ बच्चन और 'हमसे ना टकराना' में धर्मेंद्र की मां बनी थीं। अब रोहिणी ने बताया कि धर्मेंद्र ने एक बार उन्हें ज्यादा मेकअप करने की सलाह दी थी, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि वह उनकी मां का किरदार निभाने के लिए बहुत कम उम्र की लग रही थीं।

रोहिणी को बड़े उम्र के किरदार से नहीं पड़ा फर्क

रोहिणी ने बड़ी उम्र की भूमिकाओं में चुने जाने के बारे में बात करते हुए कहा,"इससे मुझे कभी फर्क नहीं पड़ा, क्योंकि जब मैं कोई भूमिका निभाती हूं तो वह मेरे लिए एक भूमिका होती है। आप एक किरदार निभा रहे होते हैं। मैं सोचती नहीं हूं कि यह बड़ा है या छोटा है। मैं हमेशा किरदार के अनुसार अभिनय करती हूं। वहीं उन्होंने 'हमसे ना टकराना' के सेट पर धर्मेंद्र के साथ पहली मुलाकात का किस्सा साझा किया।





'हमसे ना टकराना' साल 1990 में हुई थी रिलीज

दीपक बाहरी द्वारा निर्देशित फिल्म 'हमसे ना टकराना' साल 1990 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रोहिणी और धर्मेंद्र के साथ-साथ जितेंद्र, अनीता राज, मिथुन चक्रवर्ती और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। इस फिल्म में रोहिणी ने धर्मेंद्र की मां का किरदार निभाया था। इस फिल्म में काम करते समय रोहिणी सिर्फ 39 साल की थीं, जबकि उस समय धर्मेंद्र की उम्र 55 साल थी।

'जानी दुश्मन' से इस बार डर और दहशत फैलाने की तैयारी

मुंबई। भूमि पेडनेकर ने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं। इस बार दर्शक उन्हें डर और दहशत फैलाते दिखेंगे, क्योंकि उनकी नई साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म 'जानी दुश्मनः डर के आगे मौत है' का ऐलान किया गया है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला लुक पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। अरशद सैयद फिल्म के निर्देशन होंगे और इसका निर्माण टी-सीरीज व प्रभलीन संधू की ऑलमाइटी मोशन पिक्चर के सहयोग से किया जाएगा। फिल्म का पोस्टर एक शांत महिला और उसके आसपास के डरावने माहौल को दर्शाता है। कहानी मां-बेटी के भावनात्मक रिश्ते पर आधारित बताई जा रही है। कैप्शन दिया गया, 'डर तो बहुत देखा होगा, अब खौफ महसूस करने के लिए तैयार हो जाओ। इस परियोजना के लिए पैरानॉर्मल सीरीज 'भयः द गौरव तिवारी मिस्ट्री' की क्रिएटिव टीम फिर साथ आई है। मशहूर अंतरराष्ट्रीय एक्शन और स्टंट निर्देशक पीटर पेड्रेरो भी इससे जुड़े हैं। फिल्म को 2027 में रिलीज किया जाएगा।



हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न. पेश है तमिलनाडु के **रुबेशकुमार टी** की **तंजौर कला.**

Hero

Hero

भरोसा सोने सा खरा

धनतेरस की शुभकामनाएँ



Splendor+ Destini

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं®

कैश डिस्काउंट ₹3000~ तक

एक्सचेंज बोनस ₹5000~ तक

इंस्टेंट कैशबैक ₹10000^ तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. ®Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer-T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः रायपुर छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजनांदगांव जय हीरो, 9289922357, धमतरी सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेर राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंद वत्स हीरो, 9289922623, बलौदाबाजार अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंग श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतरा श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धा सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुर विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ा जय विजय हीरो, 9289922990, राजनांदगांव लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापारा कुशल हीरो, 9289923052, भिलाई इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोसिएट डीलरः रायपुर संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया ललित सर्विसेज़, 8770383767, कवर्धा ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानी किरण मोटर्स, 9754069392, लवन गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंगोरी श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरुर श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोरतरा विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराई शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुर राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया अंकित ऑटो, 9425240565, बसना श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, सरायपाली गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोरा अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सारंगढ़ बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ युवराज मोटर्स, 8085160380, दोल्हा आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरी हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटन दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहरा प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांव आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुर गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकाल साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, अमलेश्वर किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांव राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरला कोन्हा मोटर्स, 98931058752/ 6260472025, कवर्धा बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोद नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिंगतरा माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, नरियरबंद छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदा सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेही एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, लाभुर जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, दिशारी भारत मोटर्स, 9993417123, पिपरिया अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3 महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, डंटपिनार- कांकेर अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजुर रिशान सर्विसेज, 6267323235, मोहला पाटर गोविंद ऑटो केयर , 9303664769, कुडकुदुर दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमा आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुर संस्कार मोटर्स, 9406203600, लानपुर दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लखोली शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकी अमर मोटर्स, 9827969901, सालेहाड़ा साईं मोटर्स, 9754329434, राजिम राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारंगढ़ जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसींवा श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुर माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चाटाम श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुरुंदारी श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखारा प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुर आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुर आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करेंः अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर आरसन हीरो, 9285052266, भिलाई इंडियन हीरो, 9289922355, राजनांदगांव लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

Cheil 33547/26

राज्य बाल संरक्षण समिति, छत्तीसगढ़
संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक 01, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax) email : dirwcd@nic.in

दावा आपत्ति प्रकाशन

मिशन वात्सल्य के अंतर्गत चाईल्ड हेल्पलाइन के तहत राज्य नियंत्रण कक्ष हेतु राज्य स्तरीय रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन दिनांक 27.01.2026 पर प्रारंभिक सूची का प्रकाशन व दावा आपत्ति का आमंत्रण।

मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत चाईल्ड हेल्पलाइन के तहत राज्य नियंत्रण कक्ष हेतु राज्य स्तरीय रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन दिनांक 27.01.2026 को जारी किया गया था। जारी विज्ञापन के अनुक्रम में प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत निम्नानुसार पदो के लिए पात्र / अपात्र आवेदकों की सूची तैयार की गई है:-

क्र.	पदनाम	विज्ञापित पदों की संख्या	वर्ग	रिमार्क
1	कॉल ऑपरेटर	04 (01 पद महिला आरक्षित)	अ.ज.जा.	■ कॉल ऑपरेटर के 04 पद, मल्टी पर्पस स्टाफ के 01 पद (अ.ज.जा.) व सुरक्षा गार्ड/रात्रिकालीन गार्ड के 01 पद हेतु 1:5 के अनुपात में पात्र अभ्यर्थी नही पाए जाने के कारण विज्ञापन की शर्तों एवं चयन समिति की अनुशंसा के अनुक्रम में पुनः विज्ञापन जारी किया जाएगा। ■ मल्टी पर्पस स्टाफ के 01 पद (अनारक्षित) हेतु नियुक्ति की कार्यवाही की जावेगी ।
2	मल्टी पर्पस स्टाफ	02	01 अनारक्षित	
			01 अ.ज.जा.	
3	सुरक्षा गार्ड/रात्रिकालीन गार्ड	01	अ.ज.जा.	
	कुल योग	**07**	-	

प्रारंभिक सूची www.cgstate.gov.in एवं www.cgwcd.gov.in पर उपलब्ध है। इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो दिनांक 12.11.2026 तक उपयुक्त अभिकथन व दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं ।

(डॉ रेणुका श्रीवास्तव)
संचालक
महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सचिव, राज्य बाल संरक्षण समिति, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

G-262704423/1

सोशल मीडिया में फर्जी विज्ञापन दिखाकर लाखों की साइबर ठगी

राजनांदगांव। इंस्टाग्राम पर फर्जी विज्ञापन दिखाकर टाटा पावर सोलर कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर ठगी करने वाले साइबर ठग गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को बोधगया बिहार से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार प्रकरण में प्रार्थी को टाटा पावर सोलर कंपनी में जिला डिस्ट्रीब्यूटर बनाने का झांसा देकर रजिस्ट्रेशन, सोलर सिस्टम मशीन की अग्रिम कीमत तथा कंपनी के अधिकारियों के आने-जाने के खर्च आदि के नाम पर अलग-अलग किस्तों में 11,36,123 रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई थी, जिस पर साइबर पुलिस थाना राजनांदगांव में धारा 318 (4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।



सिरफिरे युवक ने हंसिये से छह लोगों पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के ग्राम बगईकोन्हा में गुरुवार शाम करीब 5 बजे एक सनसनीखेज घटना सामने आई। गांव के एक युवक ने हंसिये से ताबड़तोड़ हमला कर छह लोगों को घायल कर दिया। हमले में 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला, 70 वर्षीय महिला, 32 वर्षीय महिला, 32 वर्षीय पुरुष, 10 वर्षीय बालिका और महज ढाई साल की मासूम बच्ची शामिल हैं। अचानक हुए इस हमले से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी मासूम गोटा पिता गंभीर गोटा (20 वर्ष) निवासी बगईकोन्हा, कथित तौर पर नशे का आदी है। ग्रामीणों का कहना है कि वह पहले भी छोटी-मोटी घटनाओं को अंजाम दे चुका है, लेकिन गुरुवार को उसने जिस तरह से छह लोगों पर हमला किया, उससे गांव के लोग दहशत में हैं। बताया गया कि आरोपी ने सबसे पहले गांव में मंच के पास बैठी घिरमत पति स्व. गुहरी राम गोंड (85 वर्ष) पर हंसिये से हमला किया, जिससे उनकी पीठ में चोट आई।

ग्रामीणों में भय, सुरक्षा को लेकर उठने लगे सवाल

इस घटना के बाद ग्राम बगईकोन्हा में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसी घटनाओं पर रोक नहीं लगाई गई और इस तरह की हरकत करने वालों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। ग्रामीणों के मन में भय व्याप्त है और वे अपने परिवार तथा बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

नशे में स्कूल पहुंचने वाला प्रधानपाठक अंततः निलंबित

कांकेर। दुर्गुकोंदल विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मंगहूर के प्रधान पाठक अशोक कुमार बेलसरिया को शराब के नशे में स्कूल पहुंचने और प्रशासनिक मर्यादाओं को तार-तार करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई बड़गांव थाना में अपराध दर्ज होने और एमएलसी रिपोर्ट के आधार पर की गई। जानकारी के अनुसार 04 नवंबर 2026 को आरोपी प्रधान पाठक अशोक कुमार बेलसरिया शराब का सेवन कर नशे की हालत में अपने विद्यालय में उपस्थित थे। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने पर संकुल समन्वयक सुरतूराम जाडे पिता नत्थूराम जाडे ने थाना बड़गांव में थाना प्रभारी के समक्ष लिखित शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रधान पाठक का मेडिकल परीक्षण कराया। सिविल अस्पताल पखांजूर के चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी एमएलसी रिपोर्ट में एल्कोहल पाए जाने की पुष्टि हुई। रिपोर्ट के अनुसार, शासकीय कार्य अवधि के दौरान दोपहर लगभग 3:45 बजे प्रधान पाठक अशोक बेलसरिया शराब के नशे में थे।

चिचाड़ी में मिला 66 सागौन और 14 साल के चिरान

केशकाल। वन संपदा के अवैध दोहन और वनोपज के अवैध कारोबार के विरुद्ध वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए केशकाल विधानसभा के ग्राम चिचाड़ी, तहसील बड़े राजपुर में एक व्यक्ति के घर से सागौन एवं साल लकड़ी के कुल 80 चिरान जब्त किए हैं। जब्त लकड़ी में 66 सागौन तथा 14 नग साल के चिरान शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार वन विभाग को सूत्रों से सूचना मिली थी कि ग्राम चिचाड़ी में एक व्यक्ति के घर पर अवैध रूप से सागौन एवं साल लकड़ी का चिरान संग्रहित कर रखा गया है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए उप वनमण्डलाधिकारी केशकाल द्वारा सर्च वारंट जारी किया गया। इसके बाद वन परिक्षेत्र बड़े राजपुर की टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान घर से 66 सागौन चिरान एवं 14 साल चिरान बरामद हुए।

NAGAR PANCHAYAT LAILUNGA, DISTRICT-RAIGARH

E-Procurement Tender
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
UDD Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/792/न.पं./ लो.नि.वि./2026-27 लैलूंगा, दिनांक 05/11/2026

LAILUNGA NAGAR PANCHAYAT invites Online Tenders for and on behalf of Chief Municipal Officer, NAGAR PANCHAYAT LAILUNGA for Pre qualification and S.O.R. percentage rate (CGPWD Building 01.01.2015& Electrical SOR 01.06.2020) tender in Form -A- through online from Eligible Class Contractors OF NAGAR PANCHAYAT LAILUNGA, Chhattisgarh/ PWD Chhattisgarh Equivalent contractors of Central/State Government and their undertaking or Experienced reputed Firms for similar work on Go Cge-Procurement System (https://eproc.cgstate.gov.in)

S. No.	Name of work	NIT No. System Tender No.	Estimated cost (in Lacs)	Earnest Money Deposit	Time Period of Completion
1	वार्ड क.01 मेन रोड़ से होडी घर होते हुए तालाब तक, दीपक सारथी घर होते हुए रीपू घर तक, मेन रोड़ से ओमवती घर तक, मेन रोड़ से जागेश्वर घर होते हुए नाला तक, मेन रोड़ से पिंटू सारथी घर तक सीरोड़ निर्माण कार्य.सी.	Nit No 781 /System Tender No. 203571	15.57	Rs. 12000/-(OFLINE PAYMENT) & Tender Document Fee (Non refundable) of Rs. 3000/-Demand Draft	06 Months
2	वार्ड क.07 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	Nit No 782 /System Tender No. 203572	12.38	Rs. 10000/-(OFLINE PAYMENT) & Tender Document Fee (Non refundable) of Rs. 3000/-Demand Draft	09 Months
3	वार्ड क.05 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	Nit No 783 /System Tender No. 203574	12.38	Rs. 10000/-(OFLINE PAYMENT) & Tender Document Fee (Non refundable) of Rs. 3000/-Demand Draft	09 Months
4	बार्ड क. 10 सारस्त घर से करमलाल घर तक पचवे निर्माण कार्य	Nit No 784 /System Tender No. 203575	15.21	Rs. 12000/-(OFLINE PAYMENT) & Tender Document Fee (Non refundable) of Rs. 3000/-Demand Draft	06 Months
5	वार्ड क. 10 घुराऊ घर से खारून नदी तक सी रोड. सी. निर्माण कार्य	Nit No 785 /System Tender No. 203576	16.39	Rs. 13000/-(OFLINE PAYMENT) & Tender Document Fee (Non refundable) of Rs. 3000/-Demand Draft	06 Months
6	छत घाट निर्माण कार्य	Nit No 786 /System Tender No. 203577	16.74	Rs. 14000 (OFLINE PAYMENT) & Tender Document Fee (Non refundable) of Rs. 3000/-Demand Draft	06 Months
7	वार्ड क. 15 मुख्य बस्ती कपिल मुण्डा घर से सुनील तिग्गा घर तक आरनाली निर्माण कार्य.सी.सी.	Nit No 787 /System Tender No. 203578	10.00	Rs. 8000/-(OFLINE PAYMENT) & Tender Document Fee (Non refundable) of Rs. 3000/-Demand Draft	06 Months

CHIEP MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT LAILUNGA

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar- 492 002, Chhattisgarh.Tel No: + 91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com , http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works :

NIT No.: 62/FRP-Fencing/EEC-III/CE/NRANVP/2026-27,
Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Date: 04.11.2026

Name of Work: "Supply, Installation and Maintenance of Pre-fabricated FRP Fencing at Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (CG) (Pilot Project)." (3rd Call)

Estimated cost: **INR 1.05 crs.**, EMD: **INR 1.10 Lakh,**
Period of Completion: **06 Months**
Last Time & Date of Online Submission: 15:00 hrs on 17.11.2026

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) **http://eproc.cgstate.gov.in** directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer
NRANVP

S-49729/2

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा), जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::

Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक / 4932 / आवि / 2026-27 रायगढ़, दिनांक 03.11.2026

कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) रायगढ़ के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार ई-टेंडरिंग के माध्यम से सेवा दर पर **दिनांक 09.11.2026 को प्रातः 10.00 बजे तक** निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	लागत (लाखों में)
1	203431	For event management activities including conceptualizing, designing, execution, complete operation, maintenance and catering services during the event period (15th November 2026) of Janjatiya Gaurav Divas-2026 Dharamjaigarh, Raigarh, Chhattisgarh	200.00

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी **Portal:http://eproc.cgstate.gov.in** में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास रायगढ़

G-262704412/2

MAHATMA GANDHI UNIVERSITY OF HORTICULTURE AND FORESTARY AMLESHWAR, MOTIPUR ROAD, SANKRA-PATAN, DURG (C.G.) PIN-491111

:: NOTICE INVITING TENDER ::
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal: www.mguvv.ac.in

Construction of **External development works** in the Mahatma Gandhi Udyanikee Evam Vanikee Vishwavidyalaya campus at, **Sankra-Patan, Distt. Durg (C.G.)** mention in the **E-Tender No. 203097** Sealed tenders are invited in Form A,B online from contractor.....(Name the class of the contractor) registered in Chhattisgarh PWD as per schedule of rates for Roads/ buildings/Bridges works effective from 01.01.2015 and for electrical works effective from 01.06.2020 and amended up to date of issue of NIT. The tender details along with list of necessary documents will be available on the **https://eproc.cgstate.gov.in** websites. The last date of submission of online bid is **09.11.2026** The Physical document's should be submitted only through Registered/Speed post so as to reach in the office of the Engineering Cell, MGUVV, **AMLESHWAR, MOTIPUR ROAD, SANKRA-PATAN, DURG (C.G.) PIN-491111 latest by dated 12.11.2026 by 05.00 pm.**

Supdt. Physical Plant
MGUVV, Sankra, Durg

S-49728/1

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 01 जिला दुर्ग

// ईश्तहार //

मामला क्रमांक /202611104700005/ अ-19(3)/2025-26

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक कार्यालय प्राचार्या, शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, स्व. चंदुलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर, कचांदुर दुर्ग, द्वारा ग्राम ढौर, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 2462 कुल रकबा में से 2.5 एकड़ भूमि को नर्सिंग कालेज के भवन निर्माण हेतु आबंटन किए जाने हेतु आवेदक किये है जो अनुविभागीय अधिकारी रा. महोदय दुर्ग के पृ. क्रमांक 2283 दुर्ग दिनांक 09/09/2026 के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 17/11/2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/11/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग 01

G-262704430/2

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment
आवश्यकता

सहायक/ऑपरेटर

आवश्यकता है- सी.जी. सिक्योरिटी सर्विसेज, रायपुर को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में संविदा आधार पर कार्य हेतु निम्नलिखित कर्मचारियों की आवश्यकता है। कार्यालय सहायक – 10 पद (12वीं उत्तीर्ण), डाटा एंट्री ऑपरेटर – 10 पद (स्नातक एवं पीजीडीसीए), चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (मल्टी टास्किंग स्टाफ) – 15 पद (10वीं / 12वीं उत्तीर्ण)। **संपर्क: सी.जी. सिक्योरिटी सर्विसेज, रायपुर मोबाइल नंबर:7389941216, 6264536377.** (आसे-232)

मजदूर

आवश्यकता है- कारखाना हेतु मजदूरों की आवश्यकता है। तिल्दा रायपुर के एक इस्पात एवं पावर कंपनी हेतु 14 नवंबर तक 100 मजदूरों की आवश्यकता है, ESI एवं PF जमा होने के बाद 15000/- वेतन मिलेगा **संपर्क करें- सम्राट केवट रायपुर 6260168921.** (आसे-243)

इलेक्ट्रीशियन

आवश्यकता है- कंपनी हेतु आवश्यकता है पैनल संबधित हेतु इलेक्ट्रीशियन की, श्री कालूका स्टील प्राइवेट लिमिटेड, **हथखोज निरोस इस्पात कंपनी के पास भिलाई संपर्क करें:- 79740-79907.** (आसे न.-4178)

हरिभूमि

आवश्यकता

आवश्यकता है- राज्य के जिले के सभी ब्लॉक में सीसी टीवी लगाने हेतु फ्रेशर और अनुभवी लड़कों की आवश्यकता अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क करें । **मोबाइल न. 9183887992, 7777887991.** (आसे-596)

For Rent
किराया

किराए/लीज हेतु उपलब्ध- नेहरूनगर ईस्ट भिलाई की प्राइमलोकेशन में तीन मंजिला कमर्शियल स्पेस प्रत्येक मंजिल लगभग 1000 वर्गफुट कुल क्षेत्रफल 3000 वर्गफुट तीनों मंजिलें एक साथ अथवा आवश्यकता अनुसार ऑफिस, बैंक ,क्लीनिक, शोरूम, कोचिंग संस्थान आदि के लिए उपयुक्त प्राइम लोकेशन एवं अच्छी विजिबिलिटी WhatsApp+ 91-79997-73431, Call -94252-35690 (आसे-348)

Property
प्रापर्टी

प्लाट

बेचना है- बिलासपुर सकरी मेन रोड से लगी कॉलोनी में सभी साइज, सुविधाओं सहित प्लॉट उपलब्ध रेलवे स्टेशन, कालेज, हॉस्पिटल्स, स्कूल, पेट्रोल पम्प मेन मार्केट से लगा रेट 1800/- वर्गफुट **सम्पर्क- 9893958173.** (आसे-42041)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

खरीदी/बिक्री

खरीदी बिक्री- भाटागांव, चंगोराभाटा, रायपुरा काठाडीह, अमलेश्वर, खुड़मुड़ा प्रोफेसर कालोनी, डी. डी. नगर मे जमीन एंव मकान खरीदी बिक्री के लिए संपर्क करें। मो:- 7723023077, 7000058909. (आसे-237)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी रास्ते-राहे पर अमल करने में पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में फिर किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दरदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।



विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare



Home First Finance Company India Limited

CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना

आप, निम्नलिखित ऋणधारक, ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को गिरवी रखकर ऋण लिया है और आप ही ने ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदार के रूप में कार्य किया है। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत **03-11-2026** को आपके ऋण खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के साथ धारा 13(13) के तहत आपके द्वारा दिए गए पते पर मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस **03-11-2026** को जारी किए गए हैं और इनमें कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। अत:, वर्तमान प्रकाशन एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (2) के प्रावधान के अनुसार और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है:

	खाता, ऋणधारक (ओं) व जमानतदार (ओं) का नाम और पता	लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण	मांग सूचना की तिथि पर पूर्व बकाया राशि समस्त ब्याज एवं अन्य व्यय सहित (रूपये में)
1.	रमेश दास मानिकपुरी, सुखी दास मानिकपुरी, परनिया देवी सुखी दास,	फ्लैट- प.ह.नं. 30, ब्लॉक/बिल्डिंग नंबर- ख.नं. 191/1, रमेश पी.+सी., संपत्ति स्थिति - खसरा नंबर 191/1 का भाग, क्षेत्रफल -1000 वर्ग फीट, स्थित - मौजा बेंदरी, प.ह.नं. 30, आर.आई.सी. रायपुर-19-धनेली, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर (छत्तीसगढ़) 492001। चौहद्दी: पूर्व-साहू की भूमि, पश्चिम-सड़क, उत्तर-विक्रेता की अतिरिक्त भूमि, दक्षिण-विक्रेता की अतिरिक्त भूमि ।	550,208
2.	सरला नायक, साहिल नायक,	मकान-105/61, ब्लॉक/बिल्डिंग नंबर- ख.नं.325/1099, संपत्ति फेस-I, सरला एवएल, व्यापवर्तित संपत्ति का खसरा नंबर 325/1028, नया खसरा नंबर 325/1099, क्षेत्रफल-500 वर्ग फीट, स्थित-मौजा मठपुरेना, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, वार्ड नंबर 52, प.ह.नं. 105/61, आर.आई.सी. रायपुर-14-बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, (छत्तीसगढ़), 492001, चौहद्दी- पूर्व-सड़क, पश्चिम-वॉलफोर्ट की भूमि, उत्तर-राकेश शर्मा का मकान, दक्षिण-पिंकू साहू की भूमि।	1,833,928
3.	सूरज पांडे, श्वेता,	मकान-ख.नं.78/8, ब्लॉक/बिल्डिंग नंबर-प.ह. नंबर 40, सूरज पी.+सी., संपत्ति की स्थिति- खसरा नंबर 78/8 का भाग, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट। संपत्ति स्थित- मौजा उरकुरा, हर्षित विहार कॉलोनी, माधव राव सप्रे वार्ड, वार्ड नंबर 19, प.ह.नं. 40, आर.आई.सी. रायपुर-5-भनपुरी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001। चौहद्दी: पूर्व - अन्य का खाली प्लॉट, पश्चिम - सड़क, उत्तर - अन्य का खाली प्लॉट, दक्षिण - अन्य का खाली प्लॉट।	570,234
4.	टेकेश्वर देवांगन, लोकेश देवांगन, कृष्णा बाई देवांगन,	मकान- प.ह.नं.105/61, ब्लॉक/बिल्डिंग नंबर- ख.नं. 325/1279, संपत्ति स्थिति- फेज-I, टेकेश्वर होम लोन, संपत्ति स्थित - व्यापवर्तित भूमि का खसरा नंबर 325/1279, क्षेत्रफल 680 वर्गफीट। संपत्ति स्थिति-मौजा-मठपुरेना, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, वार्ड नंबर 52, प.ह.नं. 105/61, आर.आई.सी.- रायपुर-14 बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001। चौहद्दी: पूर्व- साहू का मकान, पश्चिम - सड़क, उत्तर - इशू साहू का मकान, दक्षिण - अभिजीत कुकैत का मकान।	2,825,500
5.	योगराज ठाकुर, लीला बाई,	प्लॉट - प.ह.नं. 41, ब्लॉक/बिल्डिंग नंबर - ख.नं. 80/34, ब्लॉक/ बिल्डिंग का नाम - दुर्ग, योगरोज सेकों, ख.नं. 80/34,प.ह.नं. 41; ग्राम - दुर्ग, तितुरडीह आंतरिक क्षेत्र, रा.नि.मं. तितुरडीह तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.), दुर्ग, छत्तीसगढ़, 490001, चौहद्दी- पूर्व-खान का मकान, पश्चिम-धनवती का मकान, उत्तर-त्रिपाठी का मकान, दक्षिण-सड़क।	1,259,929

आपको इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को ब्याज और लागत सहित उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत उधारकर्ताओं, बंधककर्ताओं और गारंटरों की सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करेगी, जिसमें उनकी सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करना भी शामिल है। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को प्राप्त शक्तियों में शामिल हैं: (1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करने की शक्ति, जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को मुक्त करने के लिए पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है; (2) सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना, जिसमें पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है, और सुरक्षित संपत्तियों को वसूल करना; और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षित संपत्तियों का कोई भी हस्तांतरण, हस्तांतरित सुरक्षित संपत्तियों के सभी अधिकारों और संबंधों में उसी प्रकार निहित होगा जैसे कि हस्तांतरण आपके द्वारा किया गया हो।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, ऊपर उल्लिखित और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी तरीके से (आपके व्यवसाय के सामान्य संचालन के अलावा) हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान : रायपुर, भिलाई
दिनांक : 06-11-2026

हस्ताक्षरकर्ता : अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

जैकेट के शेष

लक्ष्मी-नारायण ....

आदि का कारक ग्रह माना जाता है। वहीं शुक्र धन, वैभव, प्रेम, विलासिता और भौतिक सुख-सुविधा का कारक ग्रह होता है। जब बुध और शुक्र दोनों ही ग्रह एक राशि में होते हैं तो इससे लक्ष्मी नारायण योग बनता है। धनतेरस का पर्व शुक्रवार को मनाया जा रहा है। शुक्रवार स्वयं धन, वैभव, सौंदर्य और देवी लक्ष्मी का कारक दिन माना जाता है। शुक्रवार के दिन धनतेरस आने से महालक्ष्मी की कृपा और धन वृद्धि का विशेष योग बनता है। इसके अतिरिक्त आज शुभ फल देने वाला हस्त नक्षत्र रहेगा। हस्त नक्षत्र में भी खरीदारी, सोने-चांदी के आभूषण, वाहन या संपत्ति का लेन-देन करना बेहद शुभ और चिरस्थायी समृद्धि देने वाला माना जाता है। त्रयोदशी तिथि सुबह 10:31 बजे प्रारंभ होगी। इसके बाद से खरीदारी के लिए विशेष शुभ योग बन रहे हैं।

दो स्थिर लग्न ....

लग्न दोपहर 1:07 बजे से 2:39 बजे तक और वृष स्थिर लग्न शाम 5:45 बजे से 7:42 बजे तक रहेगा, जबकि तेरस तिथि दिन में 11:07 बजे के बाद शुरू होगी। ज्योतिष में चार राशियों को स्थिर राशि माना जाता है, और इनके उदय होने के समय को स्थिर लग्न कहा जाता है। इनमें वृषभ लग्न, सिंह लग्न, वृश्चिक लग्न और कुंभ लग्न शामिल हैं।

ट्रंप की हार से ....

नियंत्रण मिल गया है। इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली और अमेरिकी बाजारों में जोरदार तेजी से भी निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,008.61 अंक यानी 2.60 प्रतिशत उछलकर 79,310.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 2,168.63 अंक की बढ़त के साथ 79,470.03 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी भी 576 अंक यानी 2.40 प्रतिशत चढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 24,536.60 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले सात अगस्त को निफ्टी 24,550 अंक के स्तर के पार गया था। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मध्यावधि चुनाव में बड़ा झटका लगा है। देश के मतदाताओं ने मंगलवार को हुए बहुचर्चित मध्यावधि चुनावों में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को संसद के उच्च सदन सीनेट का नियंत्रण सौंप दिया और डेमोक्रेट ने कई अहम राज्यों में गवर्नर पदों पर भी जीत दर्ज की। इन नतीजों का असर न केवल अमेरिका, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी देखने को मिल सकता है **इन कंपनियों में दिखी तेजी** : सेंसेक्स की 30 कंपनियों में बजाज फाइनेंस के शेयर में सबसे अधिक 7.77 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन में 5.80 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 5.29 प्रतिशत, मारुति 5.28 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 5.15 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 4.66 प्रतिशत की बढ़त रही। दूसरी ओर नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अदाणी पोर्ट्स और आईटीसी शामिल हैं।

छह दिन में ऐसी बढ़ोतरी : पिछले लगातार छह कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 6,063.98 अंक यानी 8.27 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि निफ्टी में 1,837.75 अंक यानी आठ प्रतिशत की तेजी आई है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.59 प्रतिशत बढ़कर 96.12 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

अमेरिकी बाजार में भी बढ़त : अमेरिकी बाजार बुधवार को मजबूत बढ़त के साथ बंद हुए थे। डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज में 3.03 प्रतिशत, एसएंडपी 500 में 1.58 प्रतिशत और नैस्डैक कम्पोजिट में 1.44 प्रतिशत की तेजी आई। सेंसेक्स बुधवार को 383.55 अंक यानी 0.50 प्रतिशत बढ़कर दो महीने से अधिक के उच्चतम स्तर 77,301.40 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 149.75 अंक यानी 0.63 प्रतिशत चढ़कर 23,960.60 अंक पर रहा था।

शेयर बाजार को ....

कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है। इसके अलावा, अमेरिकी सरकारी बॉन्ड पर प्रतिफल और डॉलर में नरमी से भारत में महंगाई की संभावनाओं और बाह्य खातों पर दबाव कम हुआ है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 7,284.03 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। नायर के अनुसार, विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली और दूसरी तिमाही के कंपनियों के बेहतर नतीजों से बाजार में सकारात्मक माहौल को और मजबूती मिली। निवेशकों की बढ़ती भागीदारी ने इस तेजी को अधिक भरोसेमंद बनाया।

12 साल बाद ....

भी प्रदेश में संचालित किए जा चुके हैं। 2014-15 में इन्हें बंद किया गया। इनका अध्ययन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए भर्ती नियम स्पष्ट नहीं होने के कारण इन पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों को बंद किया गया था। नियम निर्धारण पश्चात इन्हें पुनः लागू किया गया है। तीन माह पूर्व इसे पुनः प्रारंभ करने की घोषणा की गई थी। प्रवेश प्रकिय प्रारंभ करने में विलंब होने के कारण नवीन सत्र जुलाई के स्थान पर जनवरी माह से ही प्रारंभ हो सकेगा।

इन कार्यों के लिए होंगे पात्र : शासन के अनुसार, रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग के जरिए एक्स-रे, सीटी और एमआरआई जांच सेवाओं से जुड़े क्षेत्र में रोजगार के द्वार खुलेंगे। चिकित्सा प्रयोगशाला का कार्यक्षेत्र पैथोलॉजी प्रयोगशालाओं, रक्त बैंकों और शोध प्रयोगशालाओं तक विस्तृत है। इसी प्रकार एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन थिएटर से संबंधित भूमिकाएं शल्य कक्ष, गहन चिकित्सा इकाई और आपातकालीन विभाग में होती हैं। डायलिसिस का कार्यक्षेत्र डायलिसिस इकाइयों एवं गुर्दा रोग विभाग तथा ऑप्टोमेट्री का कार्यक्षेत्र नेत्र अस्पतालों, दृष्टि जांच केंद्रों में रोजगार की संभावना होगी। आवेदन जमा करने अथवा शुल्क का भुगतान करने से पहले अभ्यर्थियों को आधिकारिक प्रवेश सूचनाओं का अवलोकन करने के लिए कहा गया है।

ये पाठ्यक्रम हो ....

थेरेपी टेक्नोलॉजी, बैचलर्स ऑफ डायलिसिस थेरेपी टेक्नोलॉजी, बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री तथा बैचलर ऑफ मेडिकल लेबोरेटरी साइंस शामिल हैं। प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट **https://cgdme.in** का अवलोकन कर सकते हैं।

रक्षा अधिकारी बोले, किसी भी सूरत में वापस नहीं ली जाएगी योजना

रक्षा व गृह मंत्रालय के बीच उभरे मतभेदों ने कराया अग्निपथ योजना में बदलाव !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बुधवार को सशस्त्र सेनाओं में बतौर अग्निवीर, जवानों की भर्ती के लिए बनाई गई 'अग्निपथ योजना' में किए गए बड़े बदलाव के ऐलान के बाद मामले पर रुचि रखने वाले हर खासोआम के मन में उठ रहे तमाम तरह के शक-सूबों को दूर करने के लिए गुरुवार को सीधे रक्षा अधिकारी सामने आए। उन्होंने दो टूक अंदाज में ये स्पष्ट किया कि रक्षा मंत्रालय किसी भी हालत में अग्निपथ योजना को वापस नहीं लेगा। मौजूदा बदलाव का उद्देश्य वर्ष 2022 में बनाई गई मूल योजना में एक दूसरी दो वर्ष की अतिरिक्त समय अवधि की विंडो को जोड़ना था। जिसकी मदद से 48 महीने के बाद सेनाओं से बाहर जाने वाले सभी 75% अग्निवीरों के लिए स्थायी और सुरक्षित भविष्य की व्यवस्था की जा सके। इन सबके बीच इस बदलाव को लेकर पर्दे के पीछे सामने आए कई अन्य कारणों की भी भूमिका रही है। जिसमें से एक रक्षा, गृह मंत्रालय के बीच खासकर सेनाओं से बाहर होने वाले 75% अग्निवीरों के लिए भविष्य में नौकरी को लेकर प्रदान की जाने वाली 20% आरक्षण की व्यवस्था सहित अन्य मामलों पर सामने आ रही चुनौतियां मुख्य हैं।

7 महीने में भर्ती नीति में बदलाव असंभव

सूत्रों ने कहा, क्योंकि पूर्व में योजना लांच करते वक्त ये तय किया गया था कि चार साल के बाद बाहर होने वाले 75% अग्निवीरों के लिए स्थायी रोजगार की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय एक नोडल एजेंसी के रूप में संभालेगा। अर्धसैन्यबलों (पैरामिलिट्री फोर्स) से लेकर कुछ राज्य सरकारों ने इसके लिए सरकारी नौकरी में 20% आरक्षण की घोषणा भी की थी। लेकिन असल में इस काम को पूरा करने के लिए गृह मंत्रालय को केंद्रीय अर्धसैन्यबलों के लिए वर्तमान में चल रही पुरानी भर्ती नीति (रिक्रूटमेंट पॉलिसी) में हर हाल में बदलाव किए जाने की आवश्यकता थी। गृह मंत्रालय ने रक्षा मंत्रालय के साथ चर्चा कर इस कार्य को अगले साल 31 मार्च 2027 तक पूरा करने का मन भी बना लिया था।



महबूबा फिर चुनी गईं पीडीपी की अध्यक्ष

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती एक बार फिर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष चुनी गई हैं। वह दो दशक से ज्यादा समय से पार्टी की कमान संभाल रही हैं। उन्होंने 2003 में अपने पिता और पार्टी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद के बाद अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली थी। उस समय उनके पिता 2002 के जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बाद सीएम बने थे। इसी साल महबूबा पार्टी की निर्वाचित अध्यक्ष भी बनीं।

पीओके में फिर प्रदर्शन, 3 की मौत, 18 जख्मी

नागरिकों पर गोलियां बरसा रही पाकआर्मी, घर पर ड्रोन अटैक

नई दिल्ली। पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान की सेना नागरिकों के घरों पर ड्रोन बरसा रही है और गोलियां चला रही है। इस हमले में अब तक3 लोग मारे गए हैं। जबकि 18 लोग जख्मी हो गए हैं। ये घटना रावलकोट के उमर फारूक चौक पर हुई है। पाकिस्तानी सैनिक आज सुबह 5 बजे से यहां फायरिंग कर रहे हैं। गुरुवार को पीओके से पाकिस्तानी सेना के हमले की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं। पाकिस्तानी हमले से सबसे ज्यादा प्रभावित रावलकोट शहर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पाकिस्तानी सेना जानबूझकर नागरिकों के घरों और निहत्थे प्रदर्शनकारियों को निशाना बना रही है। यह कोई इकलौती घटना नहीं है। जून 2026 में विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से पाकिस्तानी सेना ने कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में 153 से ज़्यादा लोगों को मार डाला है।



कई घरों में लगाई आग

पीओके से आए वीडियो में कई घरों में आग लगी दिख रही है। जबकि लोग घटनास्थल से मिले शार्पनेल को दिखा रहे हैं। इनका कहना है कि पाकिस्तानी सेना ने हमार डेथ वारंट पर साइन कर दिया है। अन्य वीडियो में लगातार गोलियों की आवाज सुनाई दे रही है। प्रदर्शनकारी ने कहा है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने रावलकोट में नागरिकों और और बच्चों पर गोलिया चलाई हैं।

पेज एक के शेष

गिरफ्तारी और गवाहों के बयान...

का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा किसी महिला की ओर से यौन अपराध के संबंध में दी गई जानकारी की वीडियो रिकॉर्डिंग भी इन माध्यमों से की जा सकेगी।

सीएम साय बोले-विपक्ष ...

असली वोट चोर कौन हुआ? वोट चोर कांग्रेस है। उन्होंने कहा, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में और हर जिला-जिला में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा का आयोजन हो रहा है, ताकि जनता के सामने कांग्रेस की अराजक मानसिकता का सच लाया जा सके।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कम्पनी)
कार्या. कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग छ.ग. स्टे.पॉ.डि.कं.लिमिटेड, पखांजूर

दिनांक / कार्य.अभि./स. / सं. / सामा. / 2169 — पखांजूर दिनांक 05/11/2026

आदेश

दीपावली के पावन पर्व पर निरंतर विद्युत आपूर्ति बनाये रखने हेतु पखांजूर संभाग अंतर्गत पदस्थ सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंताओं की ड्यूटी निम्नांकित दर्शाये गये स्थान पर दिनांक 08.11.2026 व 09.11.2026 को लगाई जाती है।

क्रमांक	कर्मचारी / अधिकारी का नाम (सर्वश्री	पदनाम	कार्य स्थल	मोबाईल नम्बर
1	विनय कुमार ठाकुर	सहायक अभियंता (सं/सं) उपसंभाग पखांजूर- 01	वितरण केन्द्र पखांजूर, कापसी व बड़गांव के क्षेत्राधीन विद्युत प्रवाह का निर्बाध संचालन एवं सतत निगरानी हेतु	9009562424
2	अगस्त कुमार ध्रुव	सहायक अभियंता (सं/स) उपसंभाग पखांजूर-02	वितरण केन्द्र बांदे, मथुराबाजार व छोटेबेठिया के क्षेत्राधीन विद्युत प्रवाह का निर्बाध संचालन एवं सतत निगरानी हेतु	7974689793
3	सत्तु प्रसाद	कनिष्ठ अभियंता (वि.के.) पखांजूर एवं कापसी	वितरण केन्द्र पखांजूर व कापसी के क्षेत्राधीन विद्युत प्रवाह का निर्बाध संचालन एवं सतत निगरानी हेतु	8959310308
4	शैलेन्द्र ठाकुर	कनिष्ठ अभियंता (वि.के.) बड़गांव	वितरण केन्द्र बड़गांव के क्षेत्राधीन विद्युत प्रवाह का निर्बाध संचालन एवं सतत निगरानी हेतु	8839331619
5	विकास कुमार	कनिष्ठ अभियंता (वि.के.) मथुराबाजार	वितरण केन्द्र मथुराबाजार के क्षेत्राधीन विद्युत प्रवाह का निर्बाध संचालन एवं सतत निगरानी हेतु	9343665235
6	डोमेंन्द्र ठाकुर	कनिष्ठ अभियंता (वि.के.) बांदे	वितरण केन्द्र बांदे के क्षेत्राधीन विद्युत प्रवाह का निर्बाध संचालन एवं सतत निगरानी हेतु	9589435192
7	विक्रान्त पटेल	कनिष्ठ अभियंता (वि.के.) छोटेबेठिया	वितरण केन्द्र छोटेबेठिया के क्षेत्राधीन विद्युत प्रवाह का निर्बाध संचालन एवं सतत निगरानी हेतु	8103965800

पखांजूर कंट्रोल रूम मोबाईल नंबर 9343664512

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.रा.वि.वि.कंप. मर्या. पखांजूर

कार्यालय नगर पंचायत छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

Email ID- cmochoora@rediffmail.com, Phone No. - 07701299439

क्रमांक / 751 / न.पं./लो.नि.वि./2026-27 — छुरा, दिनांक 05.11.2026

प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत छुरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	अनु.लागत (रू.लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	203405	एस.बी.एम. 2.0 के अंतर्गत नगर पंचायत छुरा में अवरोधन और व्यपवर्तन आधारित सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) के सभी घटकों का डिजाईन, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिग, जिसमें 05 वर्षों का संचालन और संपूर्ण प्रणाली का रखरखाव शामिल हैं।	176.46	26.11.2026

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http//eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाईट **http//uad.cg.gov.in** से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है, कृपया पानी व्यर्थ न बहावें।
समय पर करों का भुगतान करें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत छुरा
जिला - गरियाबंद (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड न. राजिम

क्र. कार्य/नरा/सा/प्रका / 4025 — न.राजिम दिनांक 05/11/2026

दीपावली पर्व हेतु विशेष शिकायत निवारण केन्द्र

दीपावली के शुभ अवसर पर नवापारा राजिम संभाग के समस्त उपभोक्ताओं का हार्दिक अभिनंदन करते हुए सूचित किया जाता है कि उपभोक्ताओं की विद्युत शिकायतों के त्वरित निराकरण करने हेतु दिनांक 08.11.2026 से 10.11.26 को सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक अतिरिक्त शिकायत केन्द्र स्थापित किये गये है। माननीय उपभोक्तागण अपने संबंधित क्षेत्र के शिकायत केन्द्र में शिकायत दर्ज करवाकर शीघ्र निराकरण करवा सकते है। नियमित शिकायत केन्द्र यथावत रहेंगे ।

क्र.	शिकायत केन्द्र का नाम	अधिकारी / कर्मचारी का नाम (सर्वश्री)	संबंधित क्षेत्र
1	न. राजिम संभाग	बी. के. साहू, AE (O), 7024425072	220 के. व्ही. उपकेन्द्र कोमा
2	उपसंभाग न. राजिम	डी. के. साहू, AE, 9340461712	उपसंभाग न. राजिम एवं न. राजिम (श) वितरण केन्द्र के समस्त क्षेत्र
3	न. राजिम ग्रामीण	आदित्य वर्मा, JE, 9171877545	न. राजिम (ग्रा) वितरण केन्द्र के समस्त क्षेत्र
4	भोलामल गोकुलदास राईसमिल के पास	तिलेश्वर साहू, 8839640529	गंजरोड एवं सोमवारी बाजार क्षेत्र
5	सुभाष चौक ट्रांसफार्मर, नवापारा	योगेन्द्र सिन्हा, 9171878034	रायपुर रोड, खोलीपारा, चंपारण चौक, शीतलापारा, बगदेहीपारा क्षेत्र
6	शास्त्रीचौक, पप्पु चांदी दुकान के पास	तुलसी राम दिवाकर, 9617653454	पुराना बस स्टैंड क्षेत्र, सदर रोड, हटरी गली, देना बैक क्षेत्र
7	मानिकचौरी उपकेन्द्र	अशोक साहू, 9826934035	मानिकचौरी एवं आसपास के क्षेत्र
8	राजिम (छिंदबाहरा) उपकेन्द्र	जॉनसन बंजारे, JE(T) 9171877569 मुकेश वर्मा, 9893906780	राजिम वितरण केन्द्र के समस्त क्षेत्र
9	बस स्टैड, राजिम	गुलाबचंद साहू, 9826173464	सतनामीपारा, गरियाबंद रोड, पथर्रा, पितईबंद रोड एवं आसपास के क्षेत्र
10	रानी श्यामकुमारी देवी धर्मशाला राजिम	शिव कुमार साहू, 8889928253	राजीव लोचन मंदिर, थानापारा, मेला मैदान, बस स्टैंड क्षेत्र एवं चौबेबांधा ग्रामीण क्षेत्र
11	कोपरा उपकेन्द्र	रविशंकर पटेल, JE(T) 9329792527	कोपरा एवं आसपास के समस्त क्षेत्र
12	बस स्टैण्ड, कोपरा	सूरज साहू, 6268086350	बस स्टैण्ड, कोपरा एवं आसपास के क्षेत्र
13	भेण्डरी उपकेन्द्र	नंद कुमार यादव, 6260794118	भेण्डरी एवं आसपास के समस्त क्षेत्र
14	श्यामनगर बसस्टैंड	हरिश रजक, 9926128905	श्यामनगर सुरसाबांधा एवं आसपास के क्षेत्र

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...

(एच. एस. प्रसाद)
कार्यपालन यंत्री (सं / स.) संभाग
छ.स्टे. पा.डि.कं.लि., न. राजिम

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, डोंगरगढ़ संभाग

क्रमांक/ कार्य. अभि./ सामा. /2546 — डोंगरगढ़ दिनांक 04/11/2026

दीपावली पर्व में विद्युत अवरोध/बाधित होने पर नीचे दिये नंबरो से संपर्क करे केन्द्रीयकृत फ्यूज ऑफ कॉल सेंटर का संपर्क नंबर - 1912

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। दीपावली के पावन पर्व एवं अन्य दिवस पर, इस संभागान्तर्गत विद्युत अवरोध संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु निम्नानुसार शिकायत केन्द्रों पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

क्र.	अधिकारी/कर्मचारी का नाम एवं पदनाम	कार्यालय का नाम	मोबाईल नंबर	सब-स्टेशन का नाम	मोबाईल नं.
1	श्री सम्मन ठाकुर- कनिष्ठ अभियंता वि.के.	डोंगरगढ़ (शहर)	6232940784	डोंगरगढ़ शहर सब-स्टेशन डोंगरगढ़ शहर एफ ओ सी. सेन्टर	8225882441
2	श्री अनुराग कोर्राम- कनिष्ठ अभियंता वि.के.	डोंगरगढ़ (ग्रामीण)	6232940785	अछोली पनियाजोब	6232942949
3	श्री कमलेश सोनवानी- कनिष्ठ अभियंता वि.के.	मुसराकला	8839863351	मुसराकला रूआतला कन्हारडबरी	6232942953, 6232942957, 6232941579
4	श्री अमन पाथोडे- कनिष्ठ अभियंता वि.के.	ढारा	8770662945	ढारा	6232942950
5	श्री अनुराग कोर्राम- कनिष्ठ अभियंता वि.के.	मुरमुन्दा	6232940785	मेढा	6232942952
6	श्री विजय नायक- कनिष्ठ अभियंता वि.के.	छुरिया	6232940993	छुरिया लालूटोला	6232942955, 6232942754
7	श्री पंकज कुमार- कनिष्ठ अभियंता वि.के.	एल.बी.नगर	6261236797	एल.बी.नगर	6232942947
8	श्री पंकज कुमार- कनिष्ठ अभियंता वि.के.	सड़क चिरचारी	6261236797	सड़क चिरचारी कोठीटोला	6232942948, 6232942956
9	श्री विजय नायक- कनिष्ठ अभियंता वि.के.	बम्हनी चारभाटा	6232940993	बम्हनी चारभाटा	6232942761

"सूरज के किरपा पाबो, पी.एम. सूर्यघर योजना अपनाबो"
"छत पर अपन बिजली बनाबो, शुन्य बिजली मुफ्त पाबो।"
"समय पर विद्युत देयक का भुगतान कर असुविधा से बचें"

कार्यपालन अभियंता (संचा. / संधा.) संभाग
छ.स्टे.पा.डिस्ट्री.कं.लिमि. डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, खैरागढ़

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरदायी कंपनी)
CIN U40108CT2003SGC015822
Email ID-eeonm.khiaragarh@cseb.gov.in
GST Number of CSPDCL -22AADCC6047KIZR. Tel.

क्रमांक 054/ 4500 / सामान्य / विज्ञा. प्रकाशन / 2999 — खैरागढ़, दिनांक 21/10/2026

आवश्यक सूचना

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं से निवेदन है कि निम्नलिखित आसान उपायों (सावधानी) के साथ दिपावली सुरक्षित तरीके से मनाये।

01. फटाखे इत्यादि विद्युत के तारो ट्रांसफार्मरो व अन्य विद्युत उपकरणों से पर्याप्त दूरी पर चलाये।
02. बिजली के झालर अच्छी इंसुलेशन के खरीदे तथा सुनिश्चित कर ले कि उसमे कही भी कटे-छीले तार न हो।
03. बिजली के झालर व अन्य रोशनी करने वाले उपकरण प्रशिक्षित मिस्त्री से ही लगवाये, इन्हे कभी भी खुद से लगाने का प्रयास न करे।
04. बिजली के अतिरिक्त झालर लगाते समय य सुनिश्चित कर ले कि आपके घर के तार व मीटर इस अतिरिक्त भार को सहने में सक्षम है, अन्यथा आपके मीटर एवं तार में आग लगने से दुर्घटना होने की संभावना रहेगी।
05. विद्युत लाईन, उपकरणों / ट्रांसफार्मर आदि में खराबी आने पर अनाधिकृत रूप से सुधार कार्य का प्रयास न करे, तथा ऐसी स्थिति में विभाग संबंधित कर्मचारी / अधिकारी को सूचित करें।
06. विद्युत लाईनों सें सुरक्षित दूरी बनाये रखे।
07. कटी-फटी सर्विस लाईनों का उपयोग न करे।
08. बाड़ी / खेतो की बाड़ / कटीले तार आदि में विद्युत प्रवाहित न करे।
09. बच्चो को विद्युत उपकरणों / लाईनों के आसपास न खेलने दे।

आप सभी को सुरक्षित एवं मंगलमय दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें ।

"विद्युत बिलों का भुगतान नियत समय में करे "
"तथा विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही से बचें"

"प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का अधिक से अधिक लाभ ले"

कार्यपालन अभियंता (संचा/ संधा) संभाग
छ. स्टेट.पा. डिस्ट्री.कं.लिमि., खैरागढ़

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा / संधा)

संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड गरियाबंद

(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी) (छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

क्रं./053-5400/ सामा./ प्रकाशन / 2743 — गरियाबंद, दिनांक 04/11/2026

दीपावली पर्व हेतु विशेष शिकायत निवारण की सूचना

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड गरियाबंद संभाग के समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली के शुभ अवसर पर दिनांक 08.11.2026 से 09.11.2026 को विद्युत आपूर्ति सतत बनाए रखने हेतु विशेष शिकायत केन्द्र स्थापित किये गये हैं, जिसमें उपभोक्ता अपनी विद्युत संबंधी शिकायत का शीघ्र निराकरण करा सकते हैं।

क्र.	विशेष शिकायत केन्द्र का नाम	प्रभारी अधिकारी / कर्मचारी का नाम एवं पद	समय	मोबाईल नंबर	संबंधित क्षेत्र / ग्राम
1	संभागीय नियंत्रण कक्ष एवं 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गरियाबंद	श्री गणेश प्रसाद सहायक अभियंता	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	6269754280 9171877024	नोडल अधिकारी सम्पूर्ण अवधि के दौरान निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।
		श्री संजय कुमार दीवान सहायक अभियंता		9340615316	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गरियाबंद के अंतर्गत ग्राम एवं फिडरों की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।
2	132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र गरियाबंद (सढ़ौली)	श्री कुलेश्वर प्रसाद वैका सहायक अभियंता (परियोजना संभाग)	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	7694050344	132/33 के. व्ही. उपकेन्द्र गरियाबंद (सढ़ौली) के अंतर्गत समस्त 33 के.व्ही. फिडरों की विद्युत व्यवस्था का संचालन सुनिश्चित करेंगे।
3	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र छुरा	श्री यू.के. दीवान सहायक अभियंता	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	6269754304 6260056792	उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम एवं फिडरों की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।
4	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मैनपुर	श्री संजीव कुमार बंजारे सहायक अभियंता	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	7999004058	उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम एवं फिडरों की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।
5	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र देवभोग	श्री हेमंत नागवंशी सहायक अभियंता	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	7987004470	उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम एवं फिडरों की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।
6	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कोचवाय	श्री लक्की देवांगन कनिष्ठ अभियंता	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	8871488807	उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम एवं फिडरों की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।
7	33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र डोंगरीगांव	श्री रेखा ठाकुर कनिष्ठ अभियंता	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	7879142630	उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम एवं फिडरों की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।
8	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पोंड़	श्री राहुल कुमार दुर्गम कनिष्ठ अभियंता	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	9171877028	उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम एवं फिडरों की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।
9	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र मड़ेली	श्री अंचल नायक कनिष्ठ अभियंता	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	7999607712	उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम एवं फिडरों की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।
10	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रसेला	श्री अंजोर सिंह नायक लाईन सहायक वर्ग - 2	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	7693965098	उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम एवं फिडरों की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।
11	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बिन्द्रानवागढ़	श्री कुलेश्वर दीवान कनिष्ठ अभियंता	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	9165365457	उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम एवं फिडरों की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।
12	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अमलीपदर	श्री ईश्वर बघेल तकनीशियन वितरण	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	7089687922	उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम एवं फिडरों की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।
13	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गोहरापदर	श्री शेखर चौधरी कनिष्ठ अभियंता	संध्या 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक	9109927438	उपकेन्द्र के अंतर्गत ग्राम एवं फिडरों की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ।
14	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र माड़ागांव (झाखरपारा)	श्री नंदलाल यादव - परिचारक श्रेणी (लाईन)	संध्या 04:00 बजे

योग्य खरीदारी पर गोल्ड और सिल्वर कॉइन पाने का अवसर

धनतेरस-दीपावली पर अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में सजे फेस्टिव ज्वेलरी कलेक्शन

रायपुर। धनतेरस और दीपावली के करीब आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। त्योहारों पर आभूषणों की खरीदारी के लिए ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स (एसबी बाय एटी) ने अपनी फेस्टिव ज्वेलरी रेंज पेश की है। रायपुर के सदर बाजार स्थित फ्लैगशिप स्टोर और भिलाई के नेहरू नगर शोरूम में यह कलेक्शन उपलब्ध है। शोरूम में पारंपरिक विरासत और आधुनिक डिजाइन का संगम देखने को मिल रहा है। कलेक्शन में ब्राइडल ज्वेलरी, रॉयल पोल्की, एंटीक गोल्ड, टेंपल और डायमंड ज्वेलरी के डिजाइन शामिल हैं। कंपनी के मुताबिक, योग्य खरीदारी पर ग्राहकों को गोल्ड और सिल्वर कॉइन पाने का अवसर भी दिया जा रहा है।



परंपरा और आधुनिक डिजाइन का मेल

एटी ग्रुप के चेयरमैन शांतीलाल बारड़िया के मार्गदर्शन में पेश की गई रेंज में त्योहारों के साथ शादी-ब्याह और विशेष अवसरों के लिए भी विकल्प रखे गए हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ बारड़िया और डायरेक्टर सिद्धार्थ बारड़िया के अनुसार, कलेक्शन तैयार करते समय ग्राहकों की पसंद और जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। शांतीलाल बारड़िया ने कहा कि धनतेरस और दीपावली ग्राहकों के साथ विश्वास और रिश्ते मजबूत करने का अवसर हैं।

गोल्ड और सिल्वर कॉइन को अच्छा प्रतिसाद

सौरभ बारड़िया ने बताया कि गोल्ड और सिल्वर कॉइन की पेशकश को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। सिद्धार्थ बारड़िया ने कहा कि इस बार पारंपरिक खूबसूरती के साथ आधुनिक डिजाइन भी शामिल किए गए हैं। 'एसबी बाय एटी - सिंबल ऑफ ट्रस्ट सिन्स 1957' की विरासत के साथ प्रतिष्ठान ने त्योहार के लिए विशेष तैयारियां की हैं।

एलआईसी का मुनाफा 20% उछलकर 12,076 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 12,076 करोड़ रुपये हो गया। 2025-26 में कंपनी को 10,053 करोड़ रुपये का कंपनी की कुल आय बढ़कर 2,62,739 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2,39,614 करोड़ रुपये थी।



एयरटेल के लाभ में 24 प्रतिशत का उछाल

नई दिल्ली। दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी भारती एयरटेल का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 24 प्रतिशत बढ़कर 10,710 करोड़ रुपये हो गया।

इंडस टॉवर्स ने डिजिटल समावेशन बढ़ाने 'डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन' की लांच



जशपुर। इंडस टॉवर्स लिमिटेड, विश्व की एक सबसे बड़ी दूरसंचार अवसंरचना कंपनी, ने छत्तीसगढ़ के जशपुर में अपनी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन (डीटीवी) की शुरुआत की है। यह पहल कंपनी के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम 'सक्षम' के तहत चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में डिजिटल विभाजन को पाटना है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर में आयोजित एक समारोह में डीटीवी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ राधेश्याम राठिया (सांसद, रायगढ़), प्रबलप्रताप सिंह (प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा), श्रीमती रयमुनी भगत (विधायक, जशपुर), सालिक साय (अध्यक्ष, जशपुर जिला पंचायत), रोहित व्यास (आईएएस), कलेक्टर एवं जिलाधिकारी, जशपुर जिला, लाल उमेद सिंह आईपीएस (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जशपुर), अभिषेक सिंह आईपीएस(मुख्य कार्यकारी अधिकारी – जिलापंचायत, जशपुर), राजीव कुमार पांडे आईएएस (अतिरिक्त जिलाधिकारी, जशपुर), भरत सिंह (जिलाअध्यक्ष, भाजपा) तथा इंडस टॉवर्स के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय विकास में इस पहल की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, मुख्यमंत्री साय ने कहा, "हम छत्तीसगढ़ के सबसे दूरस्थ क्षेत्रों तक डिजिटल क्रांति का लाभ पहुँचाना सुनिश्चित करना चाहते हैं। जशपुर में इंडस टॉवर्स की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन का शुभारंभ हमारे ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को महत्वपूर्ण डिजिटल कौशल से सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस पहल की सहायता से प्रौद्योगिकी अधिक सुलभ बन पाएगी,साथ ही जमीनी स्तर पर डिजिटल साक्षरता, वित्तीय जागरूकता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा भी मिलेगा।

कुबोटा महोत्सव में 121 नए किसान परिवार जुड़े

रायपुर। धनतेरस के अवसर पर एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड की ओर से बेबीलॉन इंटरनेशनल होटल में भव्य 'कुबोटा महोत्सव' का आयोजन किया गया। समारोह में 220 से अधिक किसान एवं ग्राहक शामिल हुए। इस दौरान 75 हार्वेस्टर और 41 ट्रैक्टर सहित रोटावेटर एवं अन्य आधुनिक कृषि उपकरणों की डिलीवरी की गई। कार्यक्रम में कंपनी के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर अकीरा कातो और चीफ ऑफिसर (ट्रैक्टर एंड एग्री सॉल्यूशन बिजनेस) राजन चुघ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह में 121 नए किसान परिवार एस्कॉर्ट्स कुबोटा से जुड़े। कंपनी के अधिकारियों ने नए ग्राहकों का स्वागत करते हुए उनके विश्वास के प्रति आभार जताया।



राजन चुघ ने कहा कि कुबोटा महोत्सव कंपनी का वार्षिक उत्सव बन चुका है। इसका उद्देश्य किसानों और चैनल पार्टनर्स के साथ संबंध मजबूत करने के साथ आधुनिक कृषि तकनीक को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि एस्कॉर्ट्स कुबोटा की भारतीय बाजार में 80 वर्षों से अधिक की विरासत है, जबकि जापान की कुबोटा कॉर्पोरेशन 136 वर्षों के वैश्विक अनुभव के साथ 120 से अधिक देशों में अपनी सेवाएं दे रही है।

नवकार ज्वेलर्स में दीपावली पर ज्वेलरी की खास रेंज



रायपुर। दीपावली के अवसर पर मालवीय रोड स्थित नवकार ज्वेलर्स ने ग्राहकों के लिए फेस्टिव ऑफर्स के साथ ज्वेलरी का विशेष कलेक्शन पेश किया है। शोरूम में सोने, हीरे, पोल्की, एंटीक, बैंगल्स, 18 कैरेट इटालियन ज्वेलरी, चांदी और जेमस्टोन की रेंज उपलब्ध है। संचालक प्रीतम जैन ने बताया कि दीपावली पर ग्राहकों के लिए 'गोल्डन सेलिब्रेशन-नवकार के संग' अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत गोल्डन ट्री लकी ड्रॉ स्कीम रखी गई है।

पुराने सोने के आभूषणों के एक्सचेंज पर पुराने सोने के मूल्य का 100% तक वैल्यू देने की पेशकश भी की गई है। प्रमाणित ज्वेलरी और कस्टमाइजेशन की सुविधाः संचालक आंचल जैन के अनुसार, शोरूम में जीआईए और आईजीआई प्रमाणित डायमंड, बीआईएस हॉलमार्क एवं एचयूआईडी वाली गोल्ड ज्वेलरी, गारंटीड बायबैक और कस्टमाइज्ड ज्वेलरी क्राफ्टिंग की सुविधा उपलब्ध है। कंपनी पारदर्शी फैक्ट्री रेट प्राइसिंग और व्यक्तिगत सेवा पर भी जोर देती है।

धनतेरस पर आभूषणों की मांग बढ़ने की उम्मीद



एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोने की कीमतों में हाल में आई बड़ी गिरावट से ग्राहकों का रुझान बढ़ने के कारण इस धनतेरस पर आभूषणों की बिक्री अच्छी रहने की उम्मीद है। इससे हल्के आभूषणों और कम कीमत वाली छोटी खरीदारी की मांग बढ़ी है।

मात्रा के लिहाज से बिक्री पिछले साल के लगभग बराबर रहने का अनुमान है।आभूषण उद्योग के प्रतिनिधियों के मुताबिक, सोना-चांदी की खरीद के लिए शुभ माने जाने वाले पर्व धनतेरस पर आभूषणों की बिक्री का मूल्य 20-30 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। सोने की कीमतों में गिरावट से इस धनतेरस पर मांग बढ़ने की उम्मीद है।

खरीद आमतौर पर बचत की रकम से की जाती है : धनतेरस पर मात्रा के लिहाज से बिक्री पिछले साल के स्तर पर ही बनी रह सकती है लेकिन ऊंची कीमतों के कारण बिक्री मूल्य में 20-30 प्रतिशत तेजी रह सकती है। उन्होंने कहा कि सोने और चांदी की खरीद आम तौर पर बचत की रकम से की जाती है।

आभूषणों की मांग को प्रोत्साहन मिला : धनतेरस से जुड़ी त्योहारी मांग आने और अंतरराष्ट्रीय संकेतों की वजह से सोने के भाव में फौरी तेजी देखी गई। विश्व स्वर्ण परिषद के भारत क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने कहा कि सोने की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट से आभूषणों की मांग को प्रोत्साहन मिला है।

चांदी के आभूषण और सिक्कों की मांग बढ़ी

इस साल धनतेरस छह नवंबर को महीने की शुरुआत में ही पड़ रहा है। ऐसे में लोगों के हाथ में वेतन होने से खरीदारी को प्रोत्साहन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि सोने की ऊंची कीमतों के कारण उपभोक्ता हल्के आभूषणों की ओर रुख कर रहे हैं।



ऐतिहासिक रहा रोनाल्डो का अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कॅरियर

लीग फुटबॉल में खेलते आएंगे नजर

एजेंसी ▶▶| लिस्बन

पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। उनका अंतरराष्ट्रीय करियर साल 2003 में शुरू हुआ था। इसके बाद उन्होंने करीब 23 साल तक पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। रोनाल्डो ने अपने शानदार प्रदर्शन से कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए और पुर्तगाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। हालांकि रोनाल्ड लीग फुटबॉल में खेलते नजर आएंगे। वह अल-नासर के लिए खेलते हैं।



पुर्तगाल के लिए खेले 234 मैच किए 146 गोल

रोनाल्डो ने पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए 234 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इसके साथ ही वह पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। गोल करने के मामले में भी उनका कोई सानी नहीं है। रोनाल्डो ने इन मुकाबलों में 146 गोल दागे और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक गोल करने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने पुर्तगाल के सबसे सफल खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई।



कप्तान के तौर पर ऐसे रहे आंकड़े

रोनाल्डो की कप्तानी में पुर्तगाल ने 2016 में पहली बार यूईएफए यूरो कप का खिताब जीतकर इतिहास रचा था। इसके बाद टीम ने 2019 और 2025 में यूईएफए नेशंस लीग की ट्रॉफी भी अपने नाम की। इस तरह रोनाल्डो ने पुर्तगाल को 3 बड़े अंतरराष्ट्रीय खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 2016 यूरो कप की जीत पुर्तगाली फुटबॉल इतिहास का स्वर्णिम अध्याय मानी जाती है और रोनाल्डो के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल है।

यूरो कप में 14 गोल का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

रोनाल्डो का दबदबा यूरो कप में भी देखने को मिला है। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार हैं। रोनाल्डो ने यूरो कप के 30 मुकाबलों में 14 गोल दागे हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वह यूरो कप के लगातार 5 संस्करणों में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने।

रोनाल्डो ने कहा- मुझे अपने सफर पर गर्व है

रोनाल्डो ने कहा, आज मैं टीम के साथ मैदान पर अपने सफर का अंत कर रहा हूं। मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं। मुझे अपने सफर पर गर्व है और इस बात का संतोष है कि मैंने पुर्तगाल के लिए अपना सब कुछ दिया। गोल बीत जाते हैं, ट्रॉफियां संग्रहालयों में रख दी जाती हैं और रिकॉर्ड टूट जाते हैं। लेकिन एक चीज है, जिसे समय कभी नहीं मिटा सकता और वह है लोगों के दिलों में हमारी जगह।

6 विश्व कप खेलने वाले पहले फुटबॉलर

रोनाल्डो ने 2006 से 2026 तक लगातार 6 फीफा विश्व कप में हिस्सा लेकर इतिहास रच दिया। वह 6 विश्व कप खेलने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बने। इतना ही नहीं, उन्होंने 6 अलग-अलग विश्व कप में गोल करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने का गौरव भी हासिल किया। रोनाल्डो ने विश्व कप में कुल 27 मुकाबले खेले और 11 गोल दागे। इसके अलावा उनके नाम 37 असिस्ट भी दर्ज किए हैं। हालांकि, तमाम व्यक्तिगत उपलब्धियों के बावजूद वह अपने करियर में विश्व कप की ट्रॉफी नहीं जीत सके।



मनु और सुरूचि फाइनल में नाकाम, भारतीय टीम ने जीता रजत

विश्व चैंपियनशिप

दोहा। भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर और सुरूचि इंदर सिंह बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप की महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पदक की दौड़ से बाहर हो गईं। दोनों खिलाड़ी 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने में भी नाकाम रहीं। हालांकि भारतीय टीम ने 1738 अंक लेकर रजत पदक जीता जबकि चीन को 1745 अंक के साथ स्वर्ण पदक मिला। पेरिस ओलंपिक 2024 में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु 179.9 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। एशियाई खेलों की मिश्रित टीम स्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता सुरूचि ने 158.3 अंक के साथ छठा स्थान हासिल किया।



चीन ने स्वर्ण व रजत हंगरी ने जीता कांस्य

चीन की जियांग रानशिन ने 242.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन याओ कियानशुन ने 242.1 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। हंगरी की वेरोनिका मेजर ने 222.1 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। तीनों पदक विजेताओं ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान भी हासिल किए जबकि भारतीय निशानेबाजों को निराशा हाथ लगी।



तन्वी युवा ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला



एजेंसी ▶▶| डकार (सेनेगल)

भारत की उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री ने युवा ओलंपिक खेलों की महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई हैं। ओडिशा की 15 वर्षीय तन्वी ने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त युजुनो वतनबे को कड़े मुकाबले में 21-14, 11-21, 21-19 से शिकस्त दी। 54 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ ही उन्होंने स्वर्ण पदक के लिए होने वाले खिताबी मुकाबले में जगह पक्की कर ली। तन्वी ने ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। अब उनके पास स्वर्ण पदक जीतकर अपने यादगार अभियान को ऐतिहासिक बनाने का सुनहरा मौका है।

आपके संघर्षों और उपलब्धियों से पूरे देश को मिलती है प्रेरणा : मोदी

पैरा एशियाई पदक विजेताओं से मिले प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को एशियाई पैरा खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात की और कहा कि उनके संघर्षों और उपलब्धियों से पूरे देश को प्रेरणा मिलती है। भारत ने पिछले महीने आइची नागोया में हुए एशियाई पैरा खेलों में 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य समेत 114 पदक जीते । खेलमंत्री मनसुख मांडविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खड़से भी इस मौके पर मौजूद थे । दो स्वर्ण पदक जीतने वाली भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी और दृष्टिबाधित फर्राटा धाविका सिमरन भी समारोह में उपस्थित थीं।

हमारे युवाओं की प्रतिभा बरबाद नहीं जाएगी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ,'' आपके संघर्षों और उपलब्धियों से हर भारतीय को प्रेरणा मिलती है। पहले माता पिता बच्चों को खेलों में कैरियर बनाने में सहयोग करने में डरते थे। लोग कहते थे कि इस व्यवस्था का कुछ नहीं हो सकता जो प्रतिभा का सहयोग नहीं करती लेकिन जैसे आपने हार नहीं मानी, हम भी अपने लक्ष्य पर डटे रहे।'' उन्होंने कहा ,'' हमने तय किया कि हमारे युवाओं की प्रतिभा व्यर्थ नहीं जायेगी। जिस व्यवस्था ने आपकी प्रगति में बाधा पहुंचाई, हमने उस व्यवस्था को बदलने का फैसला किया। अगर आज युवा को अपनी प्रतिभा पर भरोसा है तो उसे यह भी विश्वास है कि देश उसके साथ खड़ा है।

हर खेल की प्रतिभाओं ने दिखाया अपना हुनर

मोदी ने कहा कि भारत का प्रदर्शन उन खेलों में भी बेहतर हो रहा है जिनमें अतीत में हम उतने प्रतिस्पर्धी नहीं थे। उन्होंने कहा ,'' जिन खेलों में पहले भारत का प्रतिनिधित्व सीमित था, हम उनमें मजबूत हो रहे हैं। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, जूडो, पावरलिफ्टिंग जैसे कई खेलों में हमने प्रतिभाओं को तलाशा है और इनमें नये चैम्पियन निकल रहे हैं । पैरा एशियाई खेलों में 61 खिलाड़ियों ने पदार्पण किया था।



HDFC BANK

प्रधान कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई -440013
पंजीकृत कार्यालय: एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, डिपार्टमेंट फॉर स्पेशन ऑपरेशन, बैंक हाउस, ब्रिलियंट एवेन्यू, स्कीम नं.94, सेक्टर बी, रिंग रोड, बॉम्बे हॉस्पिटल के पिछे, इन्दौर, मध्य प्रदेश 452010

ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की बिक्री सूचना।

इसके द्वारा आम जनता को एवं विशेष रूप से उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को यह सूचना दी जाती है कि, **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कार्रवाई 'सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' की धारा 13(2) के तहत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक का बकाया एवं ब्याज वसूलने के लिए इन प्रॉपर्टीज को **'जैसा है, जहाँ है, जो है और बिना किसी रिकोर्स (बिना किसी दावे) के आधार पर'** बेचने का अधिकार है। बकाया राशि न चुकाने के कारण, नीचे हस्ताक्षर करने वाला अधिकारी, उक्त एक्ट की धारा 13(4) और नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, उक्त प्रॉपर्टी/प्रॉपर्टीज को बेचकर बैंक का बकाया वसूलने का प्रस्ताव करता है। नीचे बताई गई प्रॉपर्टीज की बिक्री वेब पोर्टल **https://BidDeal.in** के जरिए ई-ऑक्शन (ऑनलाइन नीलामी) के माध्यम से की जाएगी।

अचल संपत्तियों का विवरण

क्रं.	शाखा एवं खाता का नाम	संपत्ति के बंधककर्ता एवं जमानतदारों के नाम	संपत्ति का विवरण	मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना दिनांक	निरिक्षण की तिथी एवं समय	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली बढ़ाने की राशि	ई-नीलामी की तिथी/समय	बोली प्राप्ती हेतु अंतिम तिथी	प्राधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नं./ ई-मेल आईडी
1.	**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, भिलाई, छत्तीसगढ़ एवं एनाल ऑटोमोबाइल्स प्रोपराइटर - श्रीमती संगीता चावला**	**जमानतदार:** 1. श्रीमती संगीता चावला 2. श्री तरुण चावला **बंधककर्ता:** श्रीमती संगीता चावला	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, कमर्शियल प्रॉपर्टी जिसमें बेसमेंट, तल मंजिल, पहली मंजिल और दूसरी मंजिल वाला शोरूम शामिल है) प्लॉट नंबर 01, 02, 03, 04, 05, 06, 06ए, 08, 09 एवं 10, ब्लॉक नं. 18ए, 'दक्षिण गंगोत्री व्यवस्थापन योजना', मौजा सुपेला, वार्ड नं. 3, जीई रोड, भिलाई, आरआईसी दुर्ग, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़, कुल क्षेत्रफल 648 वर्ग मीटर, **संपत्ति स्वामी** श्रीमती संगीता चावला	रु. **9,12,95,403.64** 30.11.2023 तक बकाया राशि एवं आगे के ब्याज के साथ ब्याज का समावेश @ 18% प्रतिवर्ष, 01.12.2023 से मासिक के साथ क्रेडिट सुविधाओं के तहत पूर्ण और अंतिम भुगतान की तारीख तक **02.01.2024**	**25-11-2026** एवं समय : प्रात: 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक	आरक्षित मूल्य रु. **9,19,00,000/-** ईएमडी रु. **91,90,000/-** बोली वृद्धि राशि रु. **2,00,000/-**	**03-12-2026** दोपहर 1.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक	**30-11-2026** सायं 5 बजे तक	नितिन बेन्दवाल **nitin.bendwal@hdfc.bank.in** 9893694235 **कुशल डांगी** **kushal.dangi@hdfc.bank.in** 7748882223 **केशव नेगी** **keshav.negi@hdfc.bank.in** 7000815939 **राजेश कुलाकडा** **rajesh.kulakada@hdfc.bank.in** 7498288849

***वसूली तक अनुवर्ती ब्याज भी लागू होगा**

नियम एवं शर्तें

1. ई-नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://BidDeal.in** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://BidDeal.in** पर नाम पंजीकृत कर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं.: 57500000904261 खाता का नाम : DFSO TRANSITORY ACCOUNT : DOC SERV, लाभार्थी का नाम : एचडीएफसी बैंक लि., आईएफएससी कोड : HDFC0000240 में एनईएफटी / आरटीजीएस द्वारा करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड डाफ्ट ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी में बैंक के रिकॉर्ड अनुसार संपत्ति पर अन्य भार अर्थात संविधिक बकाया जैसे संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि नहीं है, सिवाय उसके जो विस्तृत नियमों एवं शर्तों में उल्लेखित है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किसी भी वर्तमान/भूतकाल/भविष्य बकाया असंविधिक बकाया/संविधिक बकाया/अधिभारों/बकाया करों/मुकदमेबाजी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, संपत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। **संपत्ति का निरिक्षण ऊपर वर्णित तिथी एवं समय में ही किया जा सकता है।**
4. ई एमडी जमा किए जाने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हे लॉगीन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहयोग अपेक्षित हो, वे हमारे सेवा प्रदाता **मेसर्स वेल्यू ट्रस्ट केपिटल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, ए1, तल मंजिल, 585, हेस्टींग कॉलोनी, वीआईपी नगर, आनंदपुर कलकत्ता 700 100. केन्द्रीकृत सहायता डेस्क +91 92666 04643, ई-मेल आईडी Auction.Manager@BidDeal.in. से संपर्क करें तथा संपत्ति संबंधि पूछताछ के लिए उपरोक्त संबंधित प्राधिकृत अधिकारी से कार्यालय अवधि (प्रात: 10.00 बजे से 5.00 बजे) के दौरान कार्यदिवसों में संपर्क कर सकते है।**
5. उच्चतम बोली एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की स्वीकृती के अधीन होगी। प्राधिकृत अधिकारी को उसका कोई भी कारण बताए बिना प्राप्त किए गए किसी भी प्रस्तावों/बोलियों को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार है। उनका निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
6. **(विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.hdfcbank.com तथा https://BidDeal.in देखें)**

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के तहत सांविधिक 15 दिनी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अंतर्गत ऋणियों एवं जमानतदारों को ऊपर लिखी गयी तिथि पर ई-नीलामी करने की सूचना के रुप में भी समझा जाएगा।

दिनांक : 06.11.2026
स्थान : इन्दौर

प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

दूसरा वनडे कल, सीरीज में बढ़त बनाने भारत और बराबरी करने न्यूजीलैंड बेकरार

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार 7 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। पहले मैच में भारत ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत 5 विकेट से जीत दर्ज की थी। ऐसे में कीवी टीम की नजरें इस मुकाबले में जीत हासिल कर सीरीज में वापसी करने पर होंगी। वहीं, भारतीय टीम अपनी बढ़त को और मजबूत करना चाहेगी। वेलिंगटन में दोनों टीमों के आंकड़े जान लेते हैं।

वेलिंगटन में ऐसा रहा है दोनों टीमों का प्रदर्शन

भारत ने वेलिंगटन में अपना पहला वनडे साल 2003 में खेला था। उन्होंने यहां अब तक 4 वनडे खेले हैं। इस दौरान उसे 2 मैच में जीत मिली है। एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच में कोई नतीजा नहीं निकला है। वहीं, न्यूजीलैंड ने इस मैदान पर 30 वनडे खेले हैं। इस दौरान उसे 17 मैच में जीत मिली है। 11 मैच में उसे हार मिली है। 2 मैच में नतीजा नहीं निकला है।



ऐसी है वेलिंगटन की पिच रिपोर्ट

वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। यहां ड्रॉप-इन पिच का इस्तेमाल होता है, जिस पर बल्लेबाजों को रन बनाने के अच्छे मौके मिलते हैं। हालांकि, नई गेंद से तेज गेंदबाजों को स्विंग और उछाल मिल सकता है। इस मैदान पर मौसम और बारिश का भी अहम प्रभाव रहता है। ऐसे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे वनडे में गेंद और बल्ले के बीच अच्छी टक्कर देखने को मिल सकती है।

॥ तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात् ॥

Symbol of Trust
at ®
Since 1957

शुद्धता
शिल्प और विश्वास की
अनमोल पहचान

धनतेरस

स्वर्ण में
संजोइए समृद्धि,
और विश्वास में
संजोइए पीढ़ियों
का रिश्ता।

शुभ खरीदारी का शुभ अवसर
समृद्धि के हर कदम पर
at सदैव आपके साथ

धनतेरस का पावन पर्व समृद्धि और पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं का उत्सव है।
अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स (AT Jewellers) सात दशकों से शुद्धता, उत्कृष्ट कारीगरी और अटूट विश्वास की
गौरवशाली विरासत को संजोए हुए है। अपने कारखाने में कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित हर आभूषण बेमिसाल
शिल्पकला और भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। इस धनतेरस, प्रमाणित शुद्धता, पारदर्शी कीमतों और
प्राकृतिक हीरों के शानदार संग्रह के साथ चुनें ऐसी अनमोल धरोहर, जो पीढ़ियों तक विश्वास की चमक बिखेरे।

सोने - चांदी के सिक्के

An ISO 9001:2015 Company
अनोपचंद तिलोकचंद
ज्वेलर्स प्रा.लि.

AT पैलेस, सिटी कोतवाली, रायपुर 94255-62811, 0771-2225363

बिलासपुर-
लिंक रोड, सी.एम.डी.
चौक 94255-02214

कोरबा
पावर हाउस रोड
93400-62090

एक्सक्लूसिव वेडिंग ज्वेलरी | दुर्लभ रत्नों को समेटे कुंदन ज्वेलरी | अद्भुत कलाकारी से सजी डायमंड ज्वेलरी | राजसी वैभव की परिभाषा पोलकी ज्वेलरी | प्रकृति का रंगीन संसार राशि रत्न | आकर्षक चाँदी के आभूषण | चांदी के बर्तन और मूर्तियां

Scan QR for Location
FOLLOW US ON atjewels.in

HALLMARKED GOLD BIS | IGI | VALET PARKING AVAILABLE

सोना अब सिर्फ एक गहना नहीं, एक समझदारी भरा निवेश है,
हम लाएं है 2 बेहतरीन सेविंग्स स्कीम्स
GOLD CLUB DIAMOND CLUB

सर्टिफाइड
असली राशि रत्न एवं उपरत्न
CERTIFIED GEMSTONES

हीरों की जाँच हेतु आधुनिक मशीन की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध

• NO EXTRA CHARGES ON CARD PAYMENTS
• ALL PAYMENT MODES ACCEPTED• FREE JEWELLERY INSURANCE

फ्रैंचाइज़ी अवसर रायगढ़ एवं अंबिकापुर में AT Jewellers की फ्रैंचाइज़ी लेने के इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें: 98271 26100

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com